खनिज संसाधन राजस्थान की अर्थव्यवस्था का एक अन्य महत्वपूर्ण स्तंभ हैं जो जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से अछूते नहीं रहे। राज्य में खनिज दोहन के लिए जल की आवश्यकता होती है लेकिन जलस्तर में गिरावट और जल स्रोतों की कमी के कारण खनिज उद्योग को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) की रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान के प्रमुख खनिज क्षेत्रों में से 40% से अधिक जल स्रोत या तो सूख गए हैं या उनके जल स्तर में 30% की गिरावट आई है। इसके अलावा पर्यावरणीय नियमों में बदलाव और खनिज दोहन पर लगाए गए प्रतिबंधों ने इस उद्योग को और भी मुश्किल में डाल दिया है।

पर्यटन जो कि राजस्थान की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है, यह भी जलवायु परिवर्तन के कारण प्रभावित हो रहा है। राज्य की ऐतिहासिक धरोहरें जैसे– जैसलमेर का किला, उदयपुर की झीलें जलवायु परिवर्तन के कारण नुकसान झेल रही हैं। उदाहरण के लिए जैसलमेर के किले की दीवारों में दरारें पड़ने की घटनाएं बढ़ गई हैं जो बढ़ते तापमान और अनियमित बारिश का परिणाम हैं। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन के कारण पर्यटकों की संख्या में भी गिरावट देखी गई है विशेषकर गर्मियों के महीनों में जब तापमान असहनीय हो जाता है। राजस्थान पर्यटन विकास निगम (RTDC) के आंकड़ों के अनुसार 2019 और 2022 के बीच राज्य में विदेशी पर्यटकों की संख्या में लगभग 25% की गिरावट आई है। इस गिरावट का सीधा प्रभाव राज्य की आय पर पड़ा है जिससे पर्यटन से जुड़े लाखों लोगों की आजीविका पर संकट मंडरा रहा है।

जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान राज्य और केंद्र सरकार दोनों स्तरों पर ठोस नीतियों और योजनाओं के माध्यम से किया जा सकता है। राजस्थान में जल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। राजस्थान जल संसाधन विभाग के अनुसार राज्य में प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता 2011 में 840 घन मीटर थी जो 2021 में घटकर 700 घन मीटर रह गई है। इस गिरावट को रोकने के लिए राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान' जैसी योजनाओं की शुरुआत की है जिसके माध्यम से जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसके अलावा जल वितरण की आधुनिक तकनीकों, जैसे ड्रिप इरिगेशन और स्प्रिंकलर सिस्टम का उपयोग करके जल की खपत को नियंत्रित किया जा सकता है जिससे कृषि उत्पादन को भी लाभ होगा।

हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। राजस्थान जो सौर ऊर्जा के लिए देश में अग्रणी राज्य है ने 2020 तक 9,000 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा था जिसे सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया गया है। राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड (RRECL) के आंकड़ों के अनुसार राज्य में 2023 तक 15,000 मेगावाट से अधिक सौर ऊर्जा उत्पादन हो चुका है। इसके अतिरिक्त पवन ऊर्जा और बायोमास ऊर्जा के क्षेत्र में भी राजस्थान ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। हरित ऊर्जा के उपयोग से न केवल राज्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया जा सकता है बल्कि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में भी कमी लाई जा सकती है जो जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सामुदायिक सहभागिता और जागरूकता बढ़ाना भी जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आवश्यक है। राजस्थान में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में लोगों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों और उनके संभावित समाधान के बारे में शिक्षित करना आवश्यक है। राजस्थान स्टेट पोल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (RSPCB) द्वारा आयोजित किए गए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि राज्य की 70% से अधिक आबादी जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के बारे में जागरूक नहीं है। इस स्थिति को सुधारने के लिए राज्य में सामुदायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम, स्कूलों और कॉलेजों में पर्यावरण शिक्षा और स्थानीय स्तर पर जलवायु अनुकूलन परियोजनाओं को लागू किया जा सकता है। इसके अलावा 'जलवायु अनुकूलन योजनाओं' के माध्यम से दीर्घकालिक नीति निर्माण और सतत विकास को प्रोत्साहित किया जा सकता है जिससे राज्य को इस संकट से बाहर निकाला जा सके। 'राजस्थान स्टेट क्लाइमेट चेंज एक्शन प्लान' एक व्यापक योजना है जो राज्य में जलवायु अनुकूलन और शमन के उपायों पर ध्यान केंद्रित करती है और इसके माध्यम से भविष्य के लिए एक स्थिर और सुरक्षित पर्यावरण का निर्माण किया जा सकता है।

जलवायु परिवर्तन ने राजस्थान की पारिस्थितिकी और आर्थिक संसाधनों पर गहरी चोट पहुंचाई है जिससे राज्य के प्राकृतिक संतुलन और आर्थिक स्थिरता पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। इस विकट परिस्थिति में राज्य की पारिस्थितिकी को संरक्षित करना और आर्थिक संसाधनों को स्थायित्व प्रदान करना अनिवार्य हो गया है। इसके लिए तत्परता से कदम उठाते हुए जलवायु अनुकूलन योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन, जल संसाधनों का सतत संरक्षण और जैव विविधता की रक्षा के प्रयासों को प्राथमिकता देनी होगी। इसके अतिरिक्त, सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना और जनता को इस विषय में जागरूक करना अत्यंत महत्वपूर्ण है ताकि इस संकट का सामना करने के लिए एक सशक्त और संवेदनशील समाज का निर्माण हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. IPCC (2021). Climate Change 2021: The Physical Science Basis.
2. जलवायु परिवर्तन और राजस्थान की पारिस्थितिकी, भारतीय पर्यावरणविद रिपोर्ट, 2020.

3. राजस्थान की आर्थिक संरचना पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव, राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, 2022.
4. राजस्थान के जल संसाधनों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, पर्यावरण विज्ञान अनुसंधान पत्रिका, 2021.
5. विपिन कुमार पाण्डेय : जलवायु परिवर्तन का बाड़मेर के जन-जीवन और कृषि पर प्रभाव, Academia.edu
6. कृषि उत्पादन पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, 2019.
7. Impacts of Climate Change on Rajasthan's Mineral Resources, Mineral Economics Journal, 2021.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

भारत चीन सम्बन्धों का बदलता परिदृश्य

गुरप्रीत सिंह*

* राजनीति विज्ञान, गाँव चक 77 जी बी ए, अनूपगढ़ (राज.) भारत

शोध सारांश – भारत चीन सम्बन्धों में कभी भी स्थायित्व का भाव नहीं रहा। दोनो देशों के मध्य आसन्न विवाद इसका प्रमुख कारण रहा है। दोनों देश सीमा विवाद का शांतिपूर्ण एवं स्वीकार्य हल तो चाहते हैं लेकिन वास्तविक नियंत्रण रेखा पर घटने वाली घटनाएं इस ओर बढ़ने नहीं देती। जनसंख्या की दृष्टि से दोनों देश विश्व में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं।दोनों देशों के सम्बन्ध विश्व के राजनीतिक परिदृश्य को परिवर्तित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दोनों देश सोहाद्र एवं शांति की ओर अग्रसर होते दिखाई देते हैं किंतु दूसरी ओर भारत के सीमावर्ती देशों में चीनी दखल इसमें विघ्न उत्पन्न करता है। भारत चीन के मध्य संबंधों की कोई भविष्यवाणी नहीं की जा सकती वर्तमान परिदृश्य में जब समूचा विश्व महामारी की चपेट में है ऐसे समय में चीन की ओर से विवादों को न्यौता दिए जाने में कोई कोर कसर नहीं रखी जा रही है। गलवान घाटी एवं लद्दाख की घटना इसकी गवाह है ।भारत ने भी अपनी कूटनीति में परिवर्तन किया है एवं चीन को उसी की भाषा में जवाब भी दिया है। फिर भी आने वाले समय में कौन सी घटनाएं घटित होंगी यह नहीं कहा जा सकता।

प्रस्तावना – भारत और चीन की राजनीतिक व्यवस्था में बहुत बड़ा अंतर है, एक और जहां भारत पूर्ण लोकतांत्रिक राष्ट्र है वहीं चीन में साम्यवादी शासन व्यवस्था है, एवं उसने दिखावे के लिए लोकतांत्रिक प्रणाली अपना रखी है। दूसरी ओर भारत जहां पड़ोसी राष्ट्रों की संप्रभुता का सम्मान करता है वहीं चीन की नीति विस्तारवाद की है, यही कारण है कि भारत और चीन की दोस्ती कभी भी स्थाई प्रवृत्ति की नहीं रही। भारत और चीन के मध्य विवाद हमेशा बने रहे, विशेषकर सीमा विवाद । दोनों देशों की आर्थिक निर्भरताओं के कारण ये विवाद उभरते रहे एवं फिर कुछ समय के लिए दब भी गए।वर्तमान हालात में तो दोनों देशों के रिश्ते पुन: सामान्य हो सकेंगे इसकी संभावना नजर नहीं आ रही है ,क्योंकि दोनों के मध्य विश्वास कायम होने की स्थिति दिखाई नहीं दे रही है। वर्तमान समय में समूचा भारतीय जनमानस चीनी विरोध की प्रवृत्ति का समर्थन कर रहा है। दोनों राष्ट्रों के कारोबारी रिश्ते भी बिगड़े हैं। एक और जहां चीन भारतीय सीमा पर घुसपैठ की फिराक में है वही भारत उसका पुरजोर विरोध करते हुए आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होने हेतु प्रयासरत है। हल ही में भारत ने विभिन्न एशियाई राष्ट्रों के साथ संबंध मजबूत करने के प्रयास तेज किए हैं, भारत की इस पहल को चीन के साथ संतुलन स्थापित करने की नीति के तौर पर देखा जा सकता है। भारत अपनी क्षमता में वृद्धि करने हेतु भी प्रयासरत है जिससे चीन पर उसकी निर्भरता कम की जा सके।

ऐसे समय जबकि समूचा विश्व महामारी से निपटने हेतु आपसी सहयोग एवं समन्वय चाहता है वही विश्व के दो बड़े राष्ट्र आपसी विवाद से प्रभावित हैं, हालियाँ घटनाएं इसका प्रमाण है, जब दोनों देशों की सेनाएं आमने–सामने आ गई हैं।भारत एवं चीन के मध्य स्थित सीमा रेखा को पार करते हुए चीनी सेना अस्थाई कैंप लगाकर भारत की सीमा की ओर बढ़ने लगी परिणाम स्वरूप भारतीय सैनिकों के विरोध में आपसी संघर्ष की स्थिति निर्मित की अंतत: दोनों सेनाओं को पीछे हटने हेतु समझौता करना पड़ा।वर्तमान परिदृश्य ने इस घटना से यह संदेश जरूर दिया कि भारतीय सेना किसी भी परिस्थिति का सामना करने हेतु तत्पर है ।मोदी शासनकाल में सेना में नवीन मनोबल दिखाई दिया ,भारत सरकार ने स्पष्ट किया कि चीन को 1 इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं करने दिया जाएगा वहीं चीन अपनी विस्तारवादी नीति से पीछे हटने की स्थिति में दिखाई नहीं देता ,इन घटनाओं के परिणाम स्वरुप भारतीय सेना ने अपनी ताकत सीमा पर बढ़ा दी है, जिससे किसी भी परिस्थिति का सामना करने हेतु वह तत्पर रहें। वर्तमान परिदृश्य में जहां भारत विश्व पटल पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहा है, वहीं चीन भारत की बढ़ती साख से परेशान होकर उसे विश्व मानचित्र पर प्रभावी भूमिका से रोकने की पूर्ण कोशिश कर रहा है, किंतु कूटनीतिक स्तर पर उसे सफलता नहीं मिल रही है।अमेरिका, फ्रांस, इजराइल व अन्य देशों के भारत का समर्थन करने के कारण उसने विश्व का ध्यान भटकाने हेतु सीमाई क्षेत्र में भारत को उलझा है। उसने अपनी पुरानी रणनीति पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया है।लेकिन बदलते परिवेश में भारत चीन के इस कदम का पुरजोर विरोध भी कर रहा है एवं काफी हद तक चीन को पीछे धकेलने में सफल हुआ है।

भारत चीन संबंधों का ऐतिहासिक स्वरूप–भारत चीन के वर्तमान संबंधों को जानने हेतु हमें इतिहास में झांकना होगा।1950 में चीन में साम्यवादी शासन की स्थापना हुई इसी समय चीन ने तिब्बत पर आक्रमण कर उसे हथिया लीया, इस स्थिति में भारत एवं चीन सीमाई राष्ट्र बन गए, दोनों के मध्य संबंधों की शुरुआत प्रारंभ में व्यापारिक एवं यात्रियों के आवागमन तक सीमित रही। 1954 में पंचशील समझौते के माध्यम से भारत ने दोनों के संबंधों को विस्तार देने की इच्छा व्यक्त की एवं सौहार्द व शांति स्थापना की दिशा में मिलकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की ,किंतु 19062 में चीन ने भारत पर आक्रमण कर दिया । इस आक्रमण ने हिंदी चीनी भाई–भाई के

नारे को तार-तार कर दिया। करीब 15 वर्षों बाद 1976 में दोनों देशों के मध्य संबंधों में सकारात्मकता दिखाई दी। राजनीतिक एवं व्यापारिक संबंध बढ़े इसे राजीव गांधी ने 1988 में चीन की यात्रा कर आगे बढ़ाने का प्रयत्न किया। दोनों देश सीमा विवाद के हल की ओर अग्रसर हुए।

1942 में राष्ट्रपति आर वेंकटरमन ने पहले भारतीय राष्ट्रपति के रूप में चीन का दौरा कर इन संबंधों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया। 2003 में प्रधानमंत्री वाजपेई ने चीन का दौरा कर दोनों देशों के मध्य आपसी संबंधों की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।2015 में प्रधानमंत्री मोदी ने चीन की यात्रा कर नथुर्ला दर्रा खोलने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए।2018 में भारत के प्रधानमंत्री मोदी एवं चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने चीन में 1 शिखर सम्मेलन के माध्यम से आपसी सहमति बढ़ाने के प्रयास किए, 2018 में भारत में दूसरा शिखर सम्मेलन आयोजित कर इन संबंधों को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास हुए।

भारत-चीन संबंधों की वर्तमान स्थिति-चीन द्वारा डोकलाम विवाद, गलवान घाटी एवं लद्दाख जैसी घटनाओं को अंजाम देकर भारत के आपसी सहयोग के प्रयासों पर प्रतिकूल प्रभाव डालने का काम किया गया। वर्तमान परिदृश्य में भारत ने अपनी रणनीति में परिवर्तन करते हुए सीमा पर अपनी मजबूत स्थिति कायम करने की दिशा में कार्य किया एवं व्यापारिक संबंधों में भी बदलाव देखा गया। भारत एवं चीन के मध्य वर्तमान समय में विभिन्न घटनाएं परिलक्षित हो रही हैं।

भारत चीन के मध्य प्रमुख विवाद :- भारत एवं चीन के मध्य निम्नांकित विवादास्पद मुद्दे हैं

1) सीमा विवाद - सीमा विवाद की महत्वपूर्ण बात यह है कि चीन द्वारा वास्तविक नियंत्रण रेखा को कभी महत्त्व ही नहीं दिया गया, मेक मोहन रेखा को चीन नहीं मानता और यहीं से भारतीय सीमा में चीनी घुसपैठ होती हैं, वह भारत के हिस्से को अपनी सीमा में दिखाता रहा है। कई बार अरुणाचल प्रदेश को चीन ने अपनी सीमा में दिखाया है।

2) भारतीय भूभाग पर आधिपत्य- चीन विस्तारवादी नीति का द्योतक रहा है उसने भारत के क्षेत्र अक्साई चीन पर आधिपत्य जमा रखा है, यह क्षेत्र जम्मू कश्मीर में स्थापित है। पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर पर कब्जाई भूमि का एक बड़ा हिस्सा चीन को सौंप दिया है।

3) अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का विरोध-चीन प्रारंभ से ही संयुक्त राष्ट्र परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता का विरोध करते हुए वीटो पावर का प्रयोग करता रहा है चीन ने परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह में भी भारत के प्रवेश को रोकने का कार्य किया है।

4) आतंकवाद पर दोहरी नीति - आतंकवाद के मुद्दे पर चीन ने दोहरी नीति अपनाई है, वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद के विरोध का समर्थन करता है लेकिन भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान के आतंकवादी राष्ट्र होने के मसले पर हमेशा उसने पाकिस्तान का बचाव एवं समर्थन किया है।

5) हिंद प्रशांत महासागर में विरोध-चीन ने हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में भारत की सदस्यता को भी स्वीकार नहीं किया ,वह भारत की उपस्थिति को पसंद नहीं करता। उसे भय है कि यदि यहां भारत अपनी उपस्थिति दर्ज कराता है तो यह उसके लिए कूटनीतिक हार होगी।

6) पाक की मदद-चीन लंबे समय से पाकिस्तान को हर स्तर पर मदद मुहैया कराता आया है ,पाकिस्तान को हथियारों की आपूर्ति एवं उसकी परमाणु क्षमता में वृद्धि में चीन ने मदद की है। पाक अधिकृत जम्मू कश्मीर में चीन ने रेल नेटवर्क स्थापित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया है।

7) भारत की घेराबंदी- चीन ने नेपाल ,भूटान, तिब्बत के सीमाई क्षेत्र में रेलवे लाइन बिछाकर भारत की घेराबंदी की हैं। वर्तमान में नेपाल भी चीन के समर्थन की भाषा बोल रहा है ,उसने भारत के कई छोटे पड़ोसी देशों को भारत के विरुद्ध करने का भरसक प्रयत्न कर भारत की घेराबंदी मजबूत की है।

8) आर्थिक विवाद- भारत के विरोध में चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे का विवाद भी महत्वपूर्ण है चीन द्वारा शिनजीप्रांत को पाकिस्तान बंदरगाह से जोड़ने के लिए सड़क एवम रेल नेटवर्क स्थापित किया जा रहा है।इसके माध्यम से चीन पाकिस्तान के एक बड़े भाग पर अधिकार स्थापित कर सकता है जो भारत के लिए की भी किसी भी रूप में उपयुक्त नहीं होगा।

भारत चीन विवादों के समाधान की संभावनाएं- विगत कुछ वर्षों से मोदी सरकार द्वारा चीन से संबंध सुधारने के प्रयास किए हैं इनमें निम्नांकित प्रमुख है।

1) एक दूसरे की संप्रभुता का सम्मान- दोनों देशों के मध्य शिखर सम्मेलनों का आयोजन कर इस बात के प्रयत्न किए गए कि पंचशील के सिद्धांतों के मुताबिक दोनों देश एक दूसरे की संप्रभुता के लिए सम्मान के सिद्धांत का अनुसरण करेंगे, भारत ने इस दिशा में सार्थक पहल की है, इसका चीन को भी समर्थन करना होगा।

2) भारत की प्रभावी विदेश नीति-प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की विदेश नीति को नई दिशा प्रदान की है, विगत वर्षों में मोदी ने विश्व के विभिन्न देशों की यात्रा एवं विश्व सम्मेलनों के माध्यम से चीन से संबंध प्रगाढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, इसे और प्रभावी बनाना होगा।

3) भारत की बढ़ती साख का प्रभाव- चीन ने विगत वर्षों में भारत के विश्वव्यापी प्रभाव को स्वीकार नहीं किया है, वह भारत के बढ़ते प्रभाव से चिंतित है। भारत ने विश्व के विभिन्न राष्ट्रों से मधुर संबंध स्थापित कर चीन पर नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में कार्य किया है ,इसे और अधिक प्रभावी बनाना होगा।

4) सैन्य मजबूती- भारत सरकार ने पिछले कुछ वर्षों मेंअपनी सैन्य मजबूती के लिए गंभीर प्रयास किए हैं, सेना का मनोबल बढ़ाया है एवं सीमा पर सेना को कार्यवाही के लिए अपेक्षाकृत अधिक छूट दे रखी है इसे कायम रखना चाहिए एवं सेना को आधुनिक शस्त्रों से सुसज्जित कर अधिक ताकतवर बनाने के प्रयास अनवरत किए जाने चाहिए।

5) कूट नीतिक चातुर्य की आवश्यकता- चीन एक अवसरवादी राष्ट्र है, वह इसी अवसरवादी नीति का प्रभावी क्रियान्वयन करने के प्रयत्न करता रहता है। भारत को उसकी नीति से सचेत एवं सतर्क रहकर अपने प्रभावी कूटनीतिक चातुर्य का इस्तेमाल करना होगा।

6) सीमाई राष्ट्रों से मित्रता- भारत को ऐसे राष्ट्रों से मित्रता करनी होगी जिन से चीन के मतभेद हैं। उदाहरणार्थ भूटान ,वियतनाम ,जापान बांग्लादेश आदि।

निष्कर्ष - भारत ने चीन के साथ विवादों के कारण विभिन्न आसियान राष्ट्रों से संबंध मजबूत करने के प्रयास किए हैं ये संबंध भारत की संप्रभुता की दृष्टि से समसामयिक प्रतीत होते हैं। भारत अकेले चीन का सामना करने की स्थिति में दिखाई नहीं देता इसलिए इन राष्ट्रों से भारत के संबंध उसे

मजबूती प्रदान करेंगे, भारत को इन से मदद मिल सकती है।जापान ऑस्ट्रेलिया एवं कई अन्य यूरोपीय राष्ट्रों से प्रधानमंत्री मोदी ने संबंध बढ़ाने की कोशिशें की हैं, ये संबंध चीन को घेरने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।भारत ईन देशों के माध्यम से चीन पर दबाव बढ़ा सकता है। भारत चीन पर नियंत्रण स्थापित करने हेतु राष्ट्रों का साथ भी चाहता है, क्योंकि वर्तमान समय में चीन पर भारत का दबाव बनाए रखना आवश्यक है, चीन आसानी से सीमा से पीछे हटने की स्थिति में दिखाई नहीं दे रहा है ।उसने पुन: अरुणाचल प्रदेश को अपने क्षेत्र में दिखाने का दुस्साहस किया है, भारत भी अब निर्णायक स्थिति कायम करना चाहता है। भारत के प्रधानमंत्री एवं सेना भी इस प्रकार के संकेत दे चुकी है।

भारत एवं चीन के रिश्तो का वर्तमान परिदृश्य अच्छे संकेत नहीं देता है कोविड-19 की महामारी के समय में भारत, चीन के साथ सीमा विवाद में उलझा हुआ था, कभी-कभी यह प्रतीत होता है कि चीन ने यह सोचा होगा कि यह समय भारत की सीमाओं में घुसने का सबसे उपयुक्त अवसर है लेकिन भारत ने अपने कूटनीतिक चातुर्य एवं प्रभावी सेना की उपस्थिति से चीन के मंसूबों पर पानी फेर दिया है। भारत ने चीन से आर्थिक संबंध भी बहुत हद तक कम कर लिए हैं, भारतीय जनमानस में चीनी उत्पादों का प्रयोग न करने की जनभावना का तेजी से विस्तार हुआ है। भारत सरकार ने आत्मनिर्भर भारत का नारा देकर इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया है, भारत सरकार भारत के युवाओं, वैज्ञानिकों को इस बात के लिए प्रोत्साहित कर रही है कि हमें आगे बढ़ने के लिए स्वतंत्र एवम स्वयं के उत्पाद विकसित करने चाहिए। नए अविष्कार कर बहुत हद तक इस चुनौती का भारत सामना कर सकता है। भारत युवाओं का देश है एवं प्रतिभाओं की यहां कमी नहीं है, आवश्यकता है इन प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने की भारत सरकार इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास कर रही है भारत सरकार ने चीनी एप्स पर प्रतिबंध लगाकर तथा चीनी आयात कम करके इस दिशा में स्पष्ट संकेत देने का प्रयत्न किया है कि हमें इस और आगे बढ़ने का प्रयत्न करना होगा।

भारत सरकार अमेरिका, फ्रांस एवम् ईजराइल जैसे देशों से तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देना चाहती है जिससे आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से अग्रसर हुआ जा सके। चीन जैसे विस्तारवादी राष्ट्र से मुकाबला करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी कई बार संकेत दे चुके हैं कि हम हर तरह की परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार है, हमारी सेनाएं मजबूती से भारतीय सीमा की सुरक्षा कर रही है। इस कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण सैन्य उत्पादों का विभिन्न राष्ट्रों से आयात किया जा रहा है जिससे हम इस चुनौती से निपट सकें। यह कार्य भारत के लिए आसान नहीं है लेकिन हमें आशा है कि हम भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव से इस चुनौती का सामना करने में सक्षम होंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. शौरी, अरुण, भारत चीन संबंध, प्रभात प्रकाशन ,जनवरी 2009
2. माधव,राम ,असहज पड़ोसी, किंडले एडिशन
3. सिंह,जे जे, मैकमोहन लाइनरू ए कंट्री आफ डिस्कार्ड, किंडले एडिशन
4. गुरुस्वामी एवं सिंह, इंडिया चाइना रिलेशन्स दी बॉर्डर इश्यू एंड बियांड,विवा बुक्स, न्यू दिल्ली ,2009
5. राघव ,व्ही आर ,इंडिया चाइना रिलेशन मिलिट्री पर्सपेक्टिव,ज्ञान पब्लिकेशन हाउस,नई दिल्ली राव निरुपमा,द इंडिया एंड चाइना वार
6. 50 ईयर्सलेटर,द ट्रिब्यून
7. कल्प नारायण एस, इंडिया एंड चाइना सिस्टम आफ्टर 1962 इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेंस स्टडी एंड एनालिसिस
8. त्रिपाठी आरडी इंडिया चाइना रिलेशन , फ्यूचर पब्लिकेशन,ब्रिज बुक्स राव निरुपमा ,द इंडिया चाइना ईशु, द हिंदू ,मई 14 2015
9. भारत चीन संबंधरू चुनौतियां एवं उभरते मुद्दे ,दृष्टि द विजन,14 अक्टूबर 2019 प्रियदर्शन एस,भारत चीन संबंध
10. भारत चीन संबंध , द इंडियन वायर भारत चीन के कूटनीतिक संबंध के 70 साल पूरे ,अमर उजाला ,नई दिल्ली ,27 मई 2020

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : विशेषताएं एवं कमियां

डॉ. डी.के.वर्मा *

*** एसोसिएट प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) एस.बी.एन. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत**

प्रस्तावना – शिक्षा का शाब्दिक अर्थ है सीखने और सिखाने की क्रिया। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि किसी भी समाज में चलने वाली वह निरंतर प्रक्रिया जिसका उद्देश्य इंसान की आन्तरिक शक्तियों का विकास करना और उसके व्यवहार में सुधार लाना है। शिक्षा का प्राथमिक उद्देश्य ज्ञान और कौशल में वृद्धि कर मनुष्य को योग्य नागरिक बनाना है। अगले दशक में भारत दुनिया का सबसे युवा जनसंख्या वाला देश होगा और इन युवाओं को उच्तार गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक अवसर उपलब्ध करने पर ही भारत का भविष्य निर्भर करेगा।

आजादी के बाद भारत में पहली शिक्षा नीति सन 1986 में बनाई गई थी जो मुख्यत: लॉर्ड मैकाले की अंग्रेजी प्रधान शिक्षा नीति पर आधारित थी। इसमें सन 1992 में कुछ संशोधन भी किए गए किंतु इसका ढांचा मूलत: अंग्रेजी माध्यम शिक्षा पर ही केंद्रित रहा।

आज समय के साथ हमें यह महसूस हुआ कि 1986 की वह शिक्षा नीति में कुछ खामियां हैं इसके तहत बच्चा ज्ञान तो हासिल कर रहा है किन्तु यह ज्ञान उससे भविष्य में रोजगार के अवसर पैदा करने योग्य नही बन पा रहा हैं। अत: इन कमियों को दूर करने के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लाने की आवश्यकता पड़ी।

नई शिक्षा नीति को कैबिनेट द्वारा मंजूरी मिली। यह स्वतंत्र भारत की तीसरी शिक्षा नीति है इससे पहले 1968 तथा 1986 में शिक्षा नीतियां लागू की गई थी 1986 के बाद इस शिक्षा नीति को आने में 34 वर्ष लग गए। यह 19 जनवरी 2020 से 31 अक्टूबर 2019 तक व्यापक स्तर पर सभी पहलुओं को सम्मिलित करते हुए चर्चा की गई तथा सुझाव लिए गए।

29 जुलाई 2020 को केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने नई शिक्षा नीति के प्रारूप को पेश किया तथा इसे नए युग की शुरुआत कहां वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री तथा प्रवक्ता प्रकाश जावेडकर ने इस नवीन शिक्षा नीति को ऐतिहासिक फैसला बताया। भारत की पहली राष्ट्रीय शिक्षा नीति जुलाई 1968 में घोषित की गई यह कोठारी प्रतिवेदन पर आधारित थी दूसरी शिक्षा नीति 1986 में घोषित की गई जिसमें 1990 में गठित आचार्य राममूर्ति की अध्यक्षता वाली कमेटी तथा 1993 में गठित प्रोफेसर यशपाल समिति की समीक्षाओं के आधार पर संशोधन भी किया गया।

नई शिक्षा निति का मुख्य उद्देश्य बच्चों को कुशल बनाने के साथ-साथ, जिस भी क्षेत्र में वह रुचि रखता हैं, उसी क्षेत्र में उन्हें प्रशिक्षित करना है। इस तरह, सीखने वाले अपने उद्देश्य, और अपनी क्षमताओं का पता लगाने में सक्षम होते हैं। शिक्षार्थियों को एकीकृत शिक्षण प्रदान किया जाना है यानी उन्हें प्रत्येक अनुशासन का ज्ञान होना चाहिए। उच्च शिक्षा में भी यही बात लागू होती है। नई शिक्षा नीति में शिक्षक की शिक्षा और प्रशिक्षण प्रक्रियाओं के सुधार पर भी जोर दिया गया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रमुख बिंदु

स्कूली शिक्षा संबंधी प्रावधान:

1. नई शिक्षा नीति में 5+3+3+4 डिजाइन वाले शैक्षणिक संरचना का प्रस्ताव किया गया है जो 3 से 18 वर्ष की आयु वाले बच्चों को शामिल करता है।

- **फाउंडेशन स्टेज –** फाउंडेशन स्टेज में 3 से 8 साल के बच्चे शामिल किए गए हैं , इस स्टेज में 3 साल की अपनी स्कूली शिक्षा तथा 2 साल प्री स्कूली शिक्षा जिसमें कक्षा 1 तथा दो शामिल है ।
- **प्रीप्रेटरी स्टेज –** प्रीप्रेटरी स्टेज के तहत 8 से लेकर 11 साल के बच्चे को शामिल किया गया है, प्रीप्रेटरी स्टेज के तहत कक्षा 3 से कक्षा पांच के बच्चे शामिल होंगे।
- **मिडिल स्टेज–** मिडिल स्टेज के अंतर्गत कक्षा 6 से कक्षा 8 के बच्चे शामिल होंगे, मिडिल स्टेज के तहत कक्षा 6 के बच्चों को कोडिंग सिखाया जाएगा साथ ही उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण और इंटर्नशिप भी प्रदान की जाएगी ।
- **सेकेंडरी स्टेज –** सेकेंडरी स्टेज के तहत कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के बच्चों को शामिल किया गया है, सेकेंडरी स्टेज के तहत जैसे बच्चे पहले साइंस, कॉमर्स तथा आर्ट्स लेते थे इस सुविधा को खत्म कर दी गई है, सेकेंडरी स्टेज के तहत बच्चे अपने पसंद की सब्जेक्ट ले सकेंगे और आगे की पढ़ाई कर सकेंगे ।

2. NEP 2020 के तहत HHRO द्वारा 'बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान पर एक राष्ट्रीय मिशन' की स्थापना का प्रस्ताव किया गया है। इसके द्वारा वर्ष 2025 तक कक्षा-3 स्तर तक के बच्चों के लिये आधारभूत कौशल सुनिश्चित किया जाएगा।

पाठ्यक्रम और मूल्यांकन संबंधी सुधार:

1. इस नीति में प्रस्तावित सुधारों के अनुसार, कला और विज्ञान, व्यावसायिक तथा शैक्षणिक विषयों एवं पाठ्यक्रम व पाठ्येतर गतिविधियों के बीच बहुत अधिक अंतर नहीं होगा।
2. कक्षा-6 से ही शैक्षिक पाठ्यक्रम में व्यावसायिक शिक्षा को शामिल कर दिया जाएगा और इसमें इंटर्नशिप (Internship) की व्यवस्था भी की जाएगी।

3. 'राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद' (National Council of Educational Research and Training& NCERT) द्वारा 'स्कूली शिक्षा के लिये राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा' (National Curricular Framework for School Education) तैयार की जाएगी।
4. छात्रों के समग्र विकास के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा-10 और कक्षा-12 की परीक्षाओं में बदलाव किया जाएगा। इसमें भविष्य में समेस्टर या बहुविकल्पीय प्रश्न आदि जैसे सुधारों को शामिल किया जा सकता है।
5. छात्रों की प्रगति के मूल्यांकन के लिये मानक-निर्धारक निकाय के रूप में 'परख' (PARAKH) नामक एक नए 'राष्ट्रीय आकलन केंद्र' (National Assessment Centre) की स्थापना की जाएगी।
6. छात्रों की प्रगति के मूल्यांकन तथा छात्रों को अपने भविष्य से जुड़े निर्णय लेने में सहायता प्रदान करने के लिये 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' (Artificial Intelligence- AI) आधारित सॉफ्टवेयर का प्रयोग।

शिक्षण व्यवस्था से संबंधित सुधार:

1. शिक्षकों की नियुक्ति में प्रभावी और पारदर्शी प्रक्रिया का पालन तथा समय-समय पर किये गए कार्य-प्रदर्शन आकलन के आधार पर पदोन्नति।
2. राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा वर्ष 2022 तक 'शिक्षकों के लिये राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक' (National Professional Standards for Teachers& NPST) का विकास किया जाएगा।
3. राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा NCERT के परामर्श के आधार पर 'अध्यापक शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा' (National Curriculum Framework for Teacher Education-NCFTE) का विकास किया जाएगा।
4. वर्ष 2030 तक अध्यापन के लिये न्यूनतम डिग्री योग्यता 4-वर्षीय एकीकृत बी.एड. डिग्री का होना अनिवार्य किया जाएगा।

नई शिक्षा नीति की विशेषताएं:

1. नई शिक्षा नीति में मातृभाषा पर विशेष जोर दिया गया है जिससे बच्चा बचपन से ही अपनी मातृभाषा को अच्छे से समझ और जान पाएगा।
2. इस नई नीति के तहत यदि कोई बच्चा अपनी उच्च शिक्षा पूरी कर पाने में असमर्थ है या 3 वर्ष का कोर्स पूरा नहीं कर पाता है तो भी उसका नुकसान नहीं होगा उसे सर्टिफिकेट, डिप्लोमा प्राप्त हो पाएगा। जिसका उपयोग वह रोजगार के क्षेत्र में कर पाएगा।
3. छठी कक्षा से ही बच्चों को इंटर्नशिप कराई जाएगी जिससे व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।
4. शिक्षा नीति में कोडिंग को भी शामिल किया गया है, यानी बच्चे मात्र किताबी और व्यावहारिक ज्ञान ही नहीं अपितु तकनीकी क्षेत्र में भी बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे।
5. कुल मिलाकर यह नीति बच्चे के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करेगी।
6. नई शिक्षा नीति शिक्षार्थियों के एकीकृत विकास पर केंद्रित है।
7. यह 10+2 सिस्टम को 5+3+3+4 संरचना के साथ बदल देता है, जिसमें 12 साल की स्कूली शिक्षा और 3 साल की प्री-स्कूलिंग होती है, इस प्रकार बच्चों को पहले चरण में स्कूली शिक्षा का अनुभव होता है।
8. परीक्षाएं केवल 3, 5 और 8वीं कक्षा में आयोजित की जाएंगी, अन्य कक्षाओं का परिणाम नियमित मूल्यांकन के तौर पर लिए जाएंगे। बोर्ड परीक्षा को भी आसान बनाया जाएगा और एक वर्ष में दो बार आयोजित किया जाएगा ताकि प्रत्येक बच्चे को दो मौका मिलें।
9. नीति में पाठ्यक्रम से बाहर निकलने के अधिक लचीलेपन के साथ स्नातक कार्यक्रमों के लिए एक बहु-अनुशासनात्मक और एकीकृत दृष्टिकोण की परिकल्पना की गई है।
10. राज्य और केंद्र सरकार दोनों शिक्षा के लिए जनता द्वारा अधिक से अधिक सार्वजनिक निवेश की दिशा में एक साथ काम करेंगे, और जल्द से जल्द जीडीपी को 6% तक बढ़ाएंगे।
11. नई शिक्षा नीति सीखने के लिए पुस्तकों का भोझ बढ़ाने के बजाय व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ाने पर ज्यादा केंद्रित है।
12. NEP यानी नई शिक्षा निति सामान्य बातचीत, समूह चर्चा और तर्क द्वारा बच्चों के विकास और उनके सीखने की अनुमति देता है।
13. NTA राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालयों के लिए एक आम प्रवेश परीक्षा आयोजित करेगा।
14. छात्रों को पाठ्यक्रम के विषयों के साथ-साथ सीखने की इच्छा रखने वाले पाठ्यक्रम का चयन करने की भी स्वतंत्रता होगी, इस तरह से कौशल विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।
15. सरकार NRF (नेशनल रिसर्च फाउंडेशन) की स्थापना करके विश्वविद्यालय और कॉलेज स्तर पर अनुसंधान और नवाचारों के नए तरीके स्थापित करेगी।

नई शिक्षा नीति की कमियां:

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (National Education Policy) 2020 में, भाषा एक नकारात्मक कारक है, शैक्षणिक संस्थानों में प्रत्येक विषय के लिए मातृभाषा की शुरूआत एक समस्या है। कभी-कभी एक सक्षम शिक्षक ढूंढना एक समस्या बन जाता है और अब NEP 2020 की शुरुआत के साथ एक और चुनौती आती है, जो अध्ययन सामग्री को मातृभाषा में लाता है।
2. 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (National Education Policy) के अनुसार, जो छात्र स्नातक की पढ़ाई पूरी करना चाहते हैं, उन्हें चार साल की पढ़ाई करनी होगी, जबकि कोई भी आसानी से दो साल में अपना डिप्लोमा पूरा कर सकता है। यह छात्र को पाठ्यक्रम को आधा छोड़ने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है।
3. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, निजी स्कूलों के छात्रों को सरकारी स्कूलों के छात्रों की तुलना में बहुत कम उम्र में अंग्रेजी से परिचित कराया जाएगा। सरकारी स्कूल के छात्रों को संबंधित क्षेत्रीय भाषाओं में शैक्षणिक पाठ्यक्रम पढ़ाया जाएगा।
4. यह नई शिक्षा नीति की प्रमुख कमियों में से एक है क्योंकि इससे अंग्रेजी में संवाद करने में असहज छात्रों की संख्या में वृद्धि होगी जो की अंग्रेजी में संवाद करने में असहज महसूस करेंगे।
5. भाषा का कार्यान्वयन यानि क्षेत्रीय भाषाओं में जारी रखने के लिए 5वीं कक्षा तक पढ़ाना एक बड़ी समस्या हो सकती है। बच्चे को क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाया जाएगा और इसलिए अंग्रेजी भाषा के प्रति कम

दृष्टिकोण होगा, जो 5वीं कक्षा पूरा करने के बाद आवश्यक है।

राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 की विशेषतायें और बेहतर क्रियान्वयन हेतु सुझाव:

1. शिक्षा को न केवल शिक्षार्थियों में संज्ञानात्मक कौशल विकसित करना चाहिए–दृढ़ता, नेतृत्व और टीम वर्क के साथ बच्चों को शुरू से ही अंग्रेजी अक्षरों का ज्ञान भी करवाना जरूरी है।
2. ऐसे साहसिक उद्देश्यों को लागू करने के लिए उत्कृष्ट, प्रेरक मार्गदर्शकों का एक पूल तैयार करने के साथ–साथ शिक्षकों, शिक्षकों और आधिकारिक कर्मचारियों को उचित रूप से प्रशिक्षित करने की आवश्यकता होगी। सीखना एक कठिन अभ्यास के बजाय एक मनोरंजक और आकर्षक कार्य होना चाहिए।
3. इस नीति को एक ऐसा शिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना होगा जो हमारे देश की भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता के साथ–साथ प्रत्येक छात्र की सीखने की गति को भी ध्यान में रखे।

निष्कर्ष:

1. मौजूदा शिक्षा नीति में बदलाव की आवश्यकता थी जिसे 1986 में लागू किया गया था। परिणामस्वरूप परिवर्तन नई शिक्षा नीति का ही नतीजा है। नीति में कई सकारात्मक विशेषताएं हैं, लेकिन इसे केवल सख्ती से ही हासिल किया जा सकता है। लेआउट के लिए केवल विचार काम नहीं करेगा बल्कि कार्यों को कुशलता से करना होगा।
2. यह भारतीय मूल्यों से विकसित शिक्षा प्रणाली है जो सभी को उच्च गुणवत्ता शिक्षा उपलब्ध कराकर और भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाकर भारत को एक जीवंत बनाए समाज में बदलने के लिए प्रत्यक्ष रूप से योगदान करेगी।
3. इस नीति में परिकल्पित है हमारे संस्थानों की पाठ्य चर्चा और शिक्षा विधि जो छात्रों में अपने मौलिक दायित्व और संवैधानिक मूल्य देश के साथ जुड़ाव और बदलते विश्व में नागरिक की भूमिका के उत्तरदायित्व की जागरूकता उत्पन्न करें।
4. इस नीति का विजन है छात्रों में, भारतीय होने का गर्व, केवल विचार में नहीं बल्कि व्यवहार, बुद्धि और कार्यों में भी रहेय साथ ही ज्ञान, कौशल, मूल्यों और सोच में भी होना चाहिए। जो मानव अधिकार हो स्थाई विकास और जीवन यापन तथा वैश्विक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हो ताकि वह सही मायने में एक योग्य नागरिक बन सकें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. www.google.com
2. www.education.gov.in
3. www.drishtiias.com

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

भारत बोध के विभिन्न स्रोत

डॉ. मधुसूदन चौबे*

* सह-प्राध्यापक (इतिहास) शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – प्रत्येक नागरिक में अपने राष्ट्र की समझ होना अपेक्षित है। इससे उनमें नागरिक बोध तथा देश प्रेम और देश के प्रति गौरव भावना का विकास होता है। भारतवर्ष का अतीत वैभवशाली, वर्तमान सबल और भविष्य उच्चतम संभावनाओं से युक्त है। भारत को सप्तसैंधव, आर्यावर्त, जम्बूद्वीप, रेवाखंड, ब्रहमदेश, भारत, भारतवर्ष, हिंदुस्तान, इंडिया आदि नामों से उल्लिखित किया गया। कोई भी राष्ट्र अनेक तत्वों से निर्मित होता है। सभी तत्वों को समझकर देश के प्रति सर्वांग समझ विकसित की जा सकती है।

भारतवर्ष को समझने के लिए अर्थात् भारत बोध के लिए हम भारत के इतिहास, निवासी, संस्कृति, भूगोल, धर्म, साहित्य, संविधान आदि स्रोतों की सहायता ले सकते हैं।

प्रस्तुत शोध पत्र में भारत बोध के इन विभिन्न साधनों का विवेचन प्रस्तुत किया गया है।

शब्द कुंजी – राष्ट्र, भारत बोध, नागरिक बोध, भारतवर्ष, पाषाणकाल, सभ्यताएं, स्वर्ण युग, संस्कृति, प्रजाति, संविधान।

प्रस्तावना – **उत्तरं यत्समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम्।**
वर्ष तद्र भारतं नाम भारती यत्र संतति:।।

विष्णु पुराण के उक्त श्लोक का आशय है–**'समुद्र के उत्तर में तथा हिमालय के दक्षिण में जो स्थित है, उसका नाम भारत है और वहां के निवासी भारतीय हैं।'**

भारत के अनेक आयाम हैं। इन्हें समझने के लिए विविध स्रोतों का उपयोग करना समीचीन है।

अ. इतिहास से भारत की समझ – यह तथ्य गौरवान्वित करता है कि विश्व की प्राचीनतम ऐतिहासिक धरोहर भारत के हिस्से में आई है। लाखों वर्षों का भारतीय इतिहास मानव की प्रारंभिक अवस्था से लेकर आज तक की आधुनिकतम अवस्था तक के अनेक पड़ावों का साक्षी है।

कई लाख वर्षों की परिधि में विस्तारित पाषाणकाल में हमारे भारतीय पूर्वजों ने प्रकृति को समझा, उसके साथा सामंजस्य स्थापित किया, उससे सीखा और जीवनशैली में निरंतर परिवर्तन किये। खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक बना। यायावरीय जीवन को स्थायित्व प्रदान किया। आग तथा पहिये की खोज से क्रांतिकारी बदलावों की नींव रखी। पुरा पाषाण काल, मध्य पाषाण काल और नव पाषाण काल की संज्ञाओं के माध्यम से हम इस प्रगति को भलीभांति समझ सकते हैं। अनेक स्थलों पर हुए उत्खनन से प्राप्त पाषाण-उपकरणों और भीमबेटका की गुफाओं में तथा अन्यत्र उत्कीर्ण चित्रों के अध्ययन से तद्युगीन मनुष्यों की जिजीविषा और संघर्ष का ज्ञान प्राप्त होता है।

त्रेता एवं द्वापर युग में हुए महाकाव्य काल में हमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम तथा श्रीकृष्ण जैसे नायक मिले। जिनकी उपलब्धियों के आधार पर रामायण, महाभारत जैसे ग्रंथ सृजित हुए।

सिंधु-सरस्वती की सभ्यता इस बात का प्रमाण है कि विश्व में सर्वप्रथम सभ्यता का आविर्भाव भारत-भूमि पर हुआ। लगभग पन्द्रह सौ स्थलों पर इस सभ्यता के अवशेष प्राप्त होना इसके व्यापक क्षेत्र का द्योतक है। हड़प्पा, मुहें-जो-डेरो (मोहन जोदड़ो), चन्हुदड़ो, लोथल, कालीबंगा, बनवाली, रोपड़, राखीगढ़ी जैसे इस सभ्यता के केन्द्रों ने विश्व के पुरातत्ववेत्ताओं और वास्तुविदों को विस्मित कर दिया है। यहां का नगरीय नियोजन, समाज में स्त्रियों की श्रेष्ठ स्थिति, शांतिप्रियता, उन्नत कृषि एवं अर्थव्यवस्था, कला और संस्कृति का स्वरूप अद्धितीय है। हमारी इस सभ्यता ने दुनिया को कपास जैसे उत्पाद दिये।

समय के साथ भारत में जनपद, महाजनपद, राज्य और साम्राज्य की अवधारणाएँ अस्तित्व में आईं। सोलह महाजनपदों ने प्रसिद्धी प्राप्त की। हर्यक वंश, नाग वंश, नंद वंश, मौर्य वंश, शुंग वंश, कण्व वंश, आंध्र सातवाहन वंश, कुषाण वंश, गुप्त वंश, वर्धन वंश और चौहान, चालुक्य, प्रतिहार, परमार जैसे अनेक राजपूत वंशों ने विशाल सम्राज्यों की स्थापना की। पुष्यमित्र शुंग और समुद्रगुप्त जैसे सम्राटों ने अश्वमेघ जैसे यज्ञ करके दिग्-दिगंत तक अपनी शक्ति का विस्तार किया।

इतिहास से ज्ञात होता है कि भारत की प्रतिरोध और आत्मरक्षा की शक्ति भी अतुलनीय है। भारत ने विदेशी आतताइयों के अनेक आक्रमण झेले। इन आक्रंताओं में अलेक्जेंडर (सिकंदर), सेल्यूकस, डिमेट्रियस, मीनेंडर, नहपान जैसे यूनानी, शक, हूण, कुषाण, मुस्लम, यूरोपीय आदि सम्मिलित थे। अलेक्जेंडर विश्व विजेता बनने का महत्वाकांक्षी था, इससे निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि उसका आक्रमण कितना प्रबल रहा होगा। इन युद्धों में विजय-पराजय का सिलसिला चलता रहा। भारत अक्षुण्ण बना रहा। पूर्व प्रधानमंत्री भारत-रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी एक प्रसिद्ध कविता में लिखा है कि–

दुनिया का इतिहास पूछता, रोम कहां, यूनान कहां है,
घर-घर में शुभ अग्नि जलाता, वह उन्नत ईरान कहां है,
दीप बुझे पश्चिमी गगन के, व्याप्त हुआ बर्बर अंधियारा,

किंतु तम की छाती चीरकर, चमका हिंदुस्तान हमारा,
शत-शत आघातों को सहकर जीवित हिंदुस्तान हमारा,
दुनिया के माथे पर रोली सा शोभित हिंदुस्तान हमारा।

भारत के इतिहास में सैंधव्य सभ्यता के अभियांत्रिकीय कौशल युक्त व्यक्ति, वैदिक ऋषि, धर्म प्रवर्तक, चिंतक, वैज्ञानिक, गणितज्ञ, ज्योतिषी, साहित्यकार, सम्राट, प्रशासक, उद्यमी, कृषि विशेषज्ञ, राजनीतिज्ञ, स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक हुए, जिनकी मेधा ने देश को उपलब्धियों के शिखर पर पहुंचाकर विश्वगुरु की प्रस्थिति दिलाई।

ब. निवासियों के आधार पर भारत की समझ – वर्तमान में चीन के उपरांत जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में द्वितीय स्थान है। 2011 की जनगणना के अनुसार देश की कुल जनसंख्या 1 अरब, 21 करोड़ थी, जो अनुमान के अनुसार अब तक बढ़कर 1 अरब, 41 करोड़ हो गई है।

भारतीय जनसंख्या में अनेक प्रजातियों का मिश्रण होने से भारत को ***'प्रजातियों का अजायबघर'*** कहा जाता है। इनमें से अधिकांश प्रजातियाँ समय-समय पर भारत में आईं और उत्तर से दक्षिण की ओर बसती चली गईं।

भारतीय जनसंख्या में सर्वप्रथम प्रजातियों का निर्धारण 1901 की जनगणना के समय सर हरबर्ट रिजले ने किया। उन्होंने निम्नांकित सात प्रजातियों को चिह्नित किया-

1. द्रविड़ियन,
2. इण्डो आर्यन,
3. मंगोलायड,
4. आर्य द्रविड़ियन,
5. मंगोल द्रविड़ियन,
6. सिथो द्रविड़ियन,
7. तुर्क-ईरानी।

रिजले की थ्योरी वर्तमान में मान्य नहीं है। ग्यूफ्रिडा, हैडन, इक्सटेड, हटन आदि मानवविज्ञानियों ने भी इस दिशा में कार्य किये। 1931 की जनगणना के आधार पर डॉ. बी. एस. गुहा ने भारत की प्रजातियों का वर्गीकरण किया, जो सर्वाधिक मान्य हुआ है।

उल्लेखनीय है कि मानवशास्त्रियों ने संसार की जनसंख्या को कॉकेशियन (श्वेत), मंगोलॉयड, नीग्रो, आस्ट्रोलॉयड, कालाहारी के बुशमैन एवं हॉटेनटॉट्स नामक पांच प्रजातियों में विभक्त किया है, जिनमें से अंतिम दो लगभग समाप्त हो गई है। कॉकेशियन को नार्डिक, अल्पाइन और भूमध्यसागरीय समुदायों के रूप में विभक्त किया जाता है।

कॉकेशियन लहरदार बालों वाले, मंगोलॉयड सीधे बालों वाले एवं नीग्रो ऊन जैसे बालों वाले कहलाते हैं। संसार में श्वेत और मंगोलॉयड प्रजातियों की जनसंख्या सबसे अधिक है।

बी. एस. गुहा (बिरजा संकर गुहा) ने रक्त समूह और शारीरिक लक्षणों के आधार पर भारतीय जनसंख्या का छह प्रजातियों में वर्गीकरण किया है। ये प्रजातियाँ निम्नांकित हैं-

1. नीग्रिटो – ये भारत के आदिम निवासी होने से देश की सबसे पुरानी प्रजाति के प्रतिनिधि हैं। काला रंग, छोटा कद, चौड़ा सिर, चौड़ी नाक, मोटे होंठ, घुंघराले ऐंठे बाल आदि इनकी विशेषताएँ हैं।

वर्तमान में भारत में इनकी संख्या बहुत कम रह गई है। ये मुख्यत: अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह में पाये जाते हैं। इसके अलावा कुछ संख्या में ये दक्षिण भारत में ट्रावनकोर-कोचीन, पूर्वी बिहार की राजमहल की पहाड़ियों तथा उत्तरी पूर्वी सीमान्त राज्यों में भी मिलते हैं।

2. प्रोटो आस्ट्रोलायड – भारत में इनका अभ्युदय नीग्रिटो प्रजाति के बाद हुआ। चाकलेटी रंग, छोटा कद, लम्बा सिर, चौड़ी नाक, मोटे होंठ, काले घुंघराले बाल इनके प्रमुख शारीरिक लक्षण हैं।

भारत के मध्यवर्ती और दक्षिणी भागों की चेंचू, मलायन, कुरूम्बा, यरूवा, मुण्डा, कोल, संथाल भील आदि अधिकांश जनजातियां इसी वर्ग की हैं।

3. मंगोलायड – इस प्रजाति ने हिमालय के पूर्वी भागों से होते हुये तिब्बत से भारत में प्रवेश किया। त्वचा का रंग पीलापन लिये, सामान्य कद, चौड़ा सिर, गोल चेहरा, छोटी-चपटी नाक, सामान्य होंठ, भारी और अधखुली आंखें आदि शारीरिक विशिष्टताएँ इस प्रजाति की पहचान हैं।

यह प्रजाति **पूर्व मंगोलायड, तिब्बती-मंगोलायड, चौड़े सिरवाली प्रजाति** नामक तीन उपवर्गों में मिलती है।

यह भारत में हिमालय पर्वत की तलहटी एवं उत्तर-पूर्वी सीमा प्रान्तों जैसे उत्तरांचल, असम एवं सिक्किम में मुख्य रूप से बसी हुई है।

4. भूमध्यसागरीय – यह प्रजाति मुख्यत: भूमध्यसागरीय क्षेत्र में बसी हुई है।काला रंग, छोटा कद, तुलनात्मक रूप से काफी लम्बा सिर, चौड़ी नाक, मोटे होंठ, आदि इनकी विशेषताएँ हैं।

यह प्रजाति तीन उपवर्गों में मिलती है- प्राचीन भूमध्यसागरीय, भूमध्यसागरीय (सिन्धु घाटी की सभ्यता के जनक) एवं पूर्वी अथवा सैमिटिक।

भारत में केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब, काश्मीर आदि राज्यों में इस प्रजाति के लोग बसे हुये हैं।

5. चौड़े सिर वाली प्रजाति – यह प्रजाति पश्चिमी और मध्य यूरोप से आई है।इ सकी मुख्य रूप से दो शाखाएँ हैं अल्पाइन एवं दिनारिक। अल्पाइन का रंग पीलापन लिये भूरा, मध्यम कद, चौड़े कंधे तथा छोटी व ऊँची नाक होती है। ये लक्षण मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं गुजरात की जनजातियों में मिलते हैं।

दिनारिक प्रजाति का ढलवां माथा, उठी हुई ठोड़ी, सिर का पिछला भाग चपटा, जैतूनी काले रंग की त्वचा, औसत कद और पतले होंठ होते हैं। इसके लक्षण उड़ीसा, बंगाल की जनजातियों में मिलते हैं।

भारत में यह प्रजाति गुजरात, प. बंगाल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, बिहार, पूर्वी उत्तरप्रदेश आदि। क्षेत्रों में बसी हुई है।

6. नार्डिक अथवा इण्डो-आर्यन प्रजाति – इनका सिर लम्बा, ऊँची पतली नाक, पतले होंठ, सफेद गेहूंआ त्वचा का रंग और कुछ लम्बा कद होता है।

वर्तमान में मुख्यत: उत्तर भारत में बसी हुई है। पंजाब, काश्मीर, राजस्थान, मध्यभारत, गंगा यमुना घाटी में इस प्रजाति के निवासी रहते हैं।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि आज की भारतीय जनसंख्या के प्रजातीय लक्षण विभिन्न प्रजातियों के मिश्रण का परिणाम है। भारत में निवासरत् प्रजातियों में अत्यधिक विविधता है तथा किसी भी प्रजाति को स्पष्ट रूप से अलग नहीं किया जा सकता है। यहाँ सभी प्रजातियों के प्रतिनिधि मिलते हैं, लेकिन शुद्ध रूप से नहीं। इसीलिये भारत को प्रजातियों का गलन पात्र (Melting Pot of Races) कहा जाता है।

वर्तमान सभ्यता में प्रजातीय विचारधारा अपना महत्व खो चुकी है, अत: प्रजातीय संकल्पना को निरर्थक माना जाता है।

स. संस्कृति, धर्म, साहित्य के आधार पर भारत की समझ – भारतीय संस्कृति विश्व की श्रेष्ठतम संस्कृतियों में अग्रगण्य है। इसके अभ्युदय, पोषण एवं विकास में अनेक जातियों एवं प्रजातियों का योगदान रहा है। भारत की संस्कृति की विशेषताओं के माध्यम से भारतवर्ष को समझा जा सकता है।

बिंदुवार भारत की विशेषताएं इस प्रकार प्रस्तुत की जा सकती हैं–

1. प्राचीनता – भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृति है। पूर्व पाषाणकालीन अवशेषों के अनुसार भारत आदिमानव की प्राचीनतम कर्मभूमि रहा हैं। सैन्धव्यकालीन अवशेषों से सिद्ध हो चुका है कि आज से लगभग पाँच हजार वर्षों पहले पश्चिमोत्तर भारत के बहुत बड़े भाग में उच्च कोटि की संस्कृति विकसित हो गई थी। उपलब्ध प्रमाणों के आधार पर भारतीय संस्कृति को रोम एवं यूनानी संस्कृति से प्राचीन तथा मिस्र, असीरिया एवं बेबीलोनिया जैसी संस्कृतियों के समकालीन और उनसे श्रेष्ठ माना गया है।

2. निरंतरता – हजारों वर्षों के बाद भी भारतीय संस्कृति अपने मूल रूप में जीवित है। इसमें थोड़े बहुत परिवर्तन हुये हैं, किन्तु इसके आधारभूत तत्वों, जीवन मूल्यों और चिन्तन पद्धति में निरन्तरता बनी हुई है। इकबाल ने लिखा है–

'यूनान, मिस्र, रोमा, सब मिट गये जहाँ से,
बाकी मगर है अब तक नामो निशां हमारा।'

3. आध्यात्मिकता – तपोवन एवं आश्रमों में विकसित भारतीय संस्कृति के चिन्तन में आध्यात्मिकता की प्रमुखता है। यहाँ मानव शरीर को नश्वर एवं आत्मा को अमर माना गया है। हमारी संस्कृति जीवन का अंतिम लक्ष्य मोक्ष प्राप्ति मानती है तथा इसके लिये भक्ति एवं तपस्या का निर्देश देती है।

4. समन्वयवादिता – भारतीय संस्कृति में बाह्य तत्वों को आत्मसात् करने और परिस्थितियों के अनुसार ढलने की क्षमता विद्यमान है। समय–समय पर भारतीय संस्कृति ने शक, कुषाण, हूण, मुस्लिम एवं अन्य संस्कृतियों की मूलभूत अच्छाइयों को अपने में समाहित कर लिया तथा अपने मौलिक रूप में अबाध गति से प्रवाहित होती रही। महाकवि राधमारी सिंह दिनकर के शब्दों में–

'हिन्दू संस्कृति ने अनेक संस्कृतियों को पीकर अपनी ताकत बढ़ायी है।'

5. धार्मिकता – भारतीय संस्कृति में धर्म की प्रधानता है। धर्म केवल उपासना पद्धति नहीं है, अपितु इसमें कर्तव्य, सदाचार, विधि–विधान एवं शाश्वत नैतिक नियम भी सम्मिलित हैं। महर्षि कणाद के अनुसार–

'जिस कार्य से इस लोक में अभ्युदय प्राप्त हो एवं परलोक में मोक्ष की प्राप्ति हो, उसी का नाम धर्म है।'

6. सर्वधर्म समभाव – भारतीय संस्कृति उदार एवं धार्मिक दृष्टि से सहिष्णु है। भारत अनेक धर्मों की जन्म स्थली है तथा विश्व के अनेक धर्मों का पल्लवन हुआ है। वैदिक, सनातन या हिन्दू धर्म, जैन धर्म, बौद्ध धर्म, इस्लाम, ईसाइ जैसे सभी धर्मों को समान भाव से देखा जाता है तथा सभी का अंतिम लक्ष्य एक ही माना जाता है। सम्राट अशोक के शब्दों में–

'लोगों को दूसरों के धर्म के बारे में सुनना चाहिये और उनका आदर करना चाहिये।'

7. सर्वांगीण विकास पर बल – भारतीय संस्कृति में मानव के मानसिक, शारीरिक एवं आध्यात्मिक विकास पर बल दिया गया है। यह चार पुरुषार्थों धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष के माध्यम से व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का सन्देश देती है।

8. सर्वकल्याण की भावना– भारतीय संस्कृति में पूरे विश्व को एक परिवार मानकर उसके कल्याण की कामना की गई है। शास्त्र में उल्लेख है–

सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुख भागभवेत।।

इसका आशय है– 'सभी सुखी और निरोगी हो, सभी भद्रता का दर्शन करें और कोई भी दु:ख का भागी न हो।'

9. वर्ण एवं आश्रम व्यवस्था – भारतीय संस्कृति का आधार वर्ण एवं आश्रम व्यवस्था रही है। समाज में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र चार वर्ण थे, जो अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते थे। यह व्यवस्था श्रम विभाजन के वैज्ञानिक आधार पर निर्मित थी। कालांतर में इसी से जाति प्रथा का विकास हुआ।

ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ एवं संन्यास चार आश्रमों की परिकल्पना की गई थी। इनके आधार पर जीवन व्यतीत किया जाता था।

10. अहिंसा प्रिय – भारतीय संस्कृति में अहिंसा को परम धर्म माना गया है। यह मन, वचन और कर्म से किसी को हानि नहीं पहुंचाने की शिक्षा देती है। बुद्ध, महावीर एवं गांधी विश्व में अहिंसा के साक्षात प्रतिमान माने जाते हैं।

11. गौरवपूर्ण वाड्.मय – विश्व का श्रेष्ठतम साहित्य भारत में सृजित हुआ है। साहित्य को समाज का दर्पण कहा जाता है। साहित्य में हमारे देश के विविध आयाम प्रतिबिम्बित हुए हैं। सभी विषयों पर उत्कृष्ट साहित्य रचा गया। वेद, उपवेद, वेदांग, महाकाव्य, उपनिषद्, पुराण, जैन तथा बौद्ध साहित्य, अष्टाध्यायी, अर्थशास्त्र, वृहत्संहिता, आर्यभट्टीय, हर्षचरित्र सहित अकूत साहित्यिक सम्पदा हमारी धरोहर है। इस साहित्य को पढ़कर हम भारत को समझ सकते हैं। भारत की वृहद् साहित्य सम्पदा का विवेचन इसी पुस्तक की प्रथम इकाई के पांचवें अध्याय में किया गया है।

अनेकता में एकता

12. अनेकता में एकता – अनेकता में एकता भारतीय संस्कृति की अनोखी विशेषता है। भारत एक विशाल उप महाद्वीप है। यहां विभिन्न प्रकार की जलवायु, धर्म, रीति–रिवाज, खान–पान, वेशभूषा, भाषाएँ आदि प्रचलित हैं। इन विविधताओं के होते हुए भी भारत में भौगोलिक, राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से मौलिक एकता का अस्तित्व है।

विभिन्नताओं में भी मौलिक एकता विद्यमान है। निम्नांकित विवेचन से यह बात स्पष्ट हो जाती है–

1. भौगोलिक विविधता में एकता – भौगोलिक दृष्टि से भारत में अनेक विषमताएँ व्याप्त हैं। यहाँ ऊँची पर्वत श्रेणियाँ, समतल मैदान, घने वन, सूखे मरूस्थल, सर्वाधिक वर्षा वाले क्षेत्र, उष्ण–शीतोष्ण एवं शीत जलवायु पाई जाती है।

इन विविधताओं के बावजूद विशिष्ट प्राकृतिक सीमाओं में सुरक्षित भारत स्वयं में एक सम्पूर्ण भौगोलिक इकाई है। विष्णु पुराण में कहा गया है–

'जो समुद्र के उत्तर में एवं हिमालय के दक्षिण में फैला है, उसे भारत कहते हैं।'

2. भाषाई विविधता में एकता – भारत में संस्कृत, पाली, प्राकृत, हिन्दी, उर्दू, काश्मीरी, पंजाबी, सिन्धी, गुजराती, राजस्थानी आदि अनेक भाषाओं

एवं बोलियों का प्रचलन रहा है। भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्तमान में 22 भाषाओं का उल्लेख है।

किन्तु सभी भाषाओं पर संस्कृत का प्रभाव होने के कारण उनमें एकरूपता पाई जाती है। त्रिभाषा फार्मूले के अन्तर्गत हिन्दी, अंग्रेजी एवं एक प्रान्तीय भाषा सिखाई जाती है। इससे विभिन्न भाषा-भाषियों के बीच एकता के भाव पैदा हुये हैं। दिनकर ने लिखा है-

'सभी भाषाओं के साहित्य का जीवन दर्शन एक सा है, कल्पना की उड़ान एक सी है, अलंकार एक से हैं, आत्मा की पुकार एक सी है।'

3. प्रजातीय विविधता में एकता - भारतीय आबादी को विभिन्न जाति समूहों में विभाजित किया गया है। यहाँ विश्व की तीन प्रमुख प्रजातियाँ श्वेत, पीली तथा काली एवं उनकी उपशाखाओं के लोग निवास करते हैं। इसीलिये चर्चिल ने भारत को **'प्रजातियों का अजायबघर'** कहा है।

यह सत्य है कि भारत में अनेक प्रजातियों के लोग रहते हैं, किन्तु उनमें अमेरिका या अफ्रीका की भाँति संघर्ष नहीं, अपितु पारस्परिक सद्भाव तथा सहयोग का भाव है। विभिन्न प्रजातियों के मिश्रण के कारण वर्तमान में विशुद्ध रूप से कोई प्रजाति शेष नहीं है।

4. राजनीतिक अनेकता में एकता - इतिहास के विभिन्न दौरों में भारत में अनेक छोटे-छोटे राज्यों का अस्तित्व रहा है। लेकिन, भारतीय प्राचीन काल से ही राजनीतिक एकता के आदर्श से परिचित थे। अनेक चक्रवर्ती सम्राटों ने इस आदर्श को क्रियान्वित करने का प्रयास किया। स्वतंत्रोपरांत भारत ने एक राजनीतिक ईकाई के रूप में अपना अस्तित्व स्थापित किया।

5. सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता में एकता - भारत के विभिन्न क्षेत्रों यथा जम्मू-काश्मीर, पंजाब, बंगाल, गुजरात, तमिलनाडु आदि में रहने वाले लोगों के परिवार, विवाह, रीति-रिवाज, रहन-सहन, खान-पान आदि में पर्याप्त भिन्नता पाई जाती है।

इसके बावजूद एकता के तत्व मौजूद है। संयुक्त परिवार प्रणाली, गोत्र एवं वंश व्यवस्था सभी क्षेत्रों में पाई जाती है। सामाजिक-धार्मिक उत्सवों व त्यौहारों का प्रचलन सामान्य रूप से पूरे देश में है।

6. ऐतिहासिक विविधता में एकता - प्राचीन काल से ही भारत में विभिन्न धर्मों एवं प्रजातियों के लोग आये, जिनके पृथक-पृथक इतिहास थे, किन्तु जब वे भारत में स्थायी रूप से बस गये, तो उन्होंने समन्वित संस्कृति एवं सामान्य इतिहास का निर्माण किया।

इस प्रकार भारतीय संस्कृति सार्वभौम आदर्शों से ओतप्रोत है तथा सत्यं-शिवं-सुन्दरम् इसका ध्येय है। भारतीय संस्कृति का अहिंसा, शान्ति और विश्व बंधुत्व का सन्देश आज भी विश्व मानवता के लिये आशा की किरण है। भारत में अनेक विभिन्नताएँ होने पर भी यह अपने में एकता संजोये हुये है। विन्सेट स्मिथ ने लिखा है- 'भारत में गंभीर मौलिक एकता है, जो रक्त, रंग, भाषा, पोषाक, व्यवहार, सम्प्रदाय आदि की अनेक विभिन्नताओं को पार कर जाती है।'

द. भूगोल के आधार पर भारत की समझ - किसी भी देश का भूगोल प्राय: प्रकृति द्वारा निर्धारित होता है। देशों की सीमाएँ मानव द्वारा निर्मित हो सकती हैं। भूगोल के आधार पर हम न केवल भारतवर्ष के बाह्य स्वरूप को अपितु इसकी आंतरिक संरचना को भी समझ सकते हैं। भारत एक विशाल देश है। इसे उपमहाद्वीप की संज्ञा दी गई है। यह जनसंख्या की दृष्टि से विश्व में दूसरा तथा क्षेत्रफल की दृष्टि से रूस, कनाडा, चीन, अमेरिका, ब्राजील, आस्ट्रेलिया के उपरांत सातवां बड़ा देश है। इसकी प्रमुख भौगोलिक विशेषताएँ निम्नानुसार हैं-

सारणी संख्या 2 के अनुसार निजी विद्यालयों व निजी महाविद्यालयों के विज्ञान वर्ग के शिक्षकों के निर्णय क्षमता के प्राप्तांकों का मध्यमान क्रमश: 30.17 और 30.75 है। इन दोनों समूहों का मानक विचलन क्रमश: 3.41 और 2.75 है तथा दोनों के मध्यमानों के अन्तर का टी-मूल्य 1.32 है। यह टी-मान उपरोक्त सार्थकता स्तर के सारणी मान से कम है। ये मूल्य 198 स्वतंत्रता की कोटि हेतु 0.05 स्तर के विश्वास मूल्य 1.97 तथा 0.01 के विश्वास मूल्य 2.60 से कम है। अत: दोनों स्तरों पर सार्थक अन्तर नहीं है। निजी विद्यालयों व निजी महाविद्यालयों के विज्ञान वर्ग के शिक्षकों के निर्णय क्षमता मे कोई अंतर प्राप्त नहीं हुआ है।

अत: निर्धारित परिकल्पना'**निजी विद्यालयों व निजी महाविद्यालयों के कला वर्ग व विज्ञान वर्ग के शिक्षकों के निर्णय क्षमता में कोई सार्थक अन्तर नहीं है**' को कला वर्ग पर पूर्णत: अस्वीकृत किया जाता है तथा विज्ञान वर्ग पर पूर्णत: स्वीकृत किया जाता है। विद्यालयों की अपेक्षा महाविद्यालयों के कला वर्ग के शिक्षकों की निर्णय क्षमता के प्राप्तांक अधिक पाये गये। जबकि विज्ञान वर्ग के शिक्षकों की निर्णय क्षमता के प्राप्तांक लगभग समान पाया गया।

सारांश- अध्ययन के परिणाम से निजी विद्यालयों व निजी महाविद्यालयों के कला वर्ग व विज्ञान वर्ग के शिक्षकों के निर्णय क्षमता पर प्रकाश डालने में मदद मिलेगी। यह शोध निजी विद्यालयों व निजी महाविद्यालयों के कला वर्ग व विज्ञान वर्ग के शिक्षकों के निर्णय क्षमताका अध्ययन करने में भी मदद करेगा।

संदर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. **अरोड़ा डॉ. रीता, मारवाह डॉ. सुदेश (2004-05),** शिक्षण एवं अधिगम के मनो सामाजिक आधार, जयपुर: शिक्षा प्रकाशन।
2. **अरोरा एवं ऐलनबाय (1999),**समूह निर्णय प्रक्रिया में व्यक्तिगत प्राथमिकता के प्रभाव का मापन। जर्नल ऑफ मार्केटिंग रिसर्च, 36(4),476-467.
3. **काबरा, एल. (1991),**अनुसूचित जाति एवं गैर अनुसूचित जाति बालिकाओं का उनकी पिछड़ेपन एवं व्यक्तित्व एवं वातावरण समायोजन के साथ लक्ष्य निर्धारण। पीएच. डी. थीसिस, एजुकेशन मोहनलाल सुखाडिया यूनिवर्सिटी, उदयपुर, राजस्थान।
4. **कुशवाहा, ए.के. एवं हसन, बी.(2005),**व्यक्तित्व आयाम एवं लिंग के संदर्भ में कैरियर निर्णय। जर्नल ऑफ द इंडियन एकेडमी ऑफ एप्लाइड साइकांलॉजी, 31(2),77-82.
5. **ग्लास्टर, रोजी, पोलार्ड ऐमा, बटार्म, क्रिष्टिन, विलियम्स, जॉय (2013),** वयस्क व्यवसायिक निर्णय क्षमता: गुणात्मक शोध। डिपार्टमेंट ऑफ बिजनेस इनोवेषन एंड सिकिल्स, 1 विक्टोरिया स्ट्रीट, लंदन, 132.
6. **गेरिशन एण्ड क्रो (1973),** एज्यूकेशन साईक्लोजी, न्यू देहली।
7. **गेरिशन (1967),** शिक्षा मनोविज्ञान में सांख्यिकी के प्रयोग. न्यू देहली: कल्याणी पब्लिशर्स।
8. **गौड़, अनिता (2005),** बच्चों की प्रतिभा कैसे निखारे. नई दिल्ली: राज पाकेटबुक्स. पृष्ठ संख्या-14.
9. **चोपडा, पी. (2011),**उच्च एवं निम्न सृजनात्मक शिक्षक प्रशिक्षकों की निर्णय क्षमता शैली का अध्ययन। साइकोलिंग्वा, 41(1), 78-80.
10. **चौधरी, ए. एवं नागमणी, के.(2015),**उच्चतर माध्यमिक विद्धालय के प्राचार्यों की संवेगात्मक बुद्धि का निर्णय क्षमता के संबंध में अध्ययन। एडूट्रेक, 15(3), 25-30.
11. **ढोढियाल, एस. पाठक (1990),** शैक्षिक अनुसंधान का विधिशास्त्र जयपुर: राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी. पृष्ठ संख्या-51
12. **पाठक, पी.डी. (2007),** शिक्षा मनोविज्ञान. आगरा: विनोद पुस्तक मन्दिर. पृ.सं. 245, 552, 450.
13. **बघेल, डी. एस. (2000),** सामाजिक अनुसंधान, आगरा: साहित्य भवन पब्लिशर्स।
14. **मित्तल, एम. एन. (2005),** शिक्षा के समाजशास्त्रीय आधार. मेरठ: इन्टरनेशल पब्लिशिंग हाउस. पृ. स.-293-296.
15. **मेहता, वी. आर. (2006),** उभरते भारतीय समाज में अध्यापक एवं शिक्षा, कोटा बीई. प्रथम कोटा खुला विश्वविद्यालय. पृष्ठ संख्या-71.
16. **मेहता, वी. आर.(2006),** अध्ययन पाठ्यक्रम अभिकल्प समिति: मूल्यपरक शिक्षा कोटा: कोटा खुला विश्वविद्यालय. पृष्ठ संख्या-70.
17. **राय, पी.एन.(1981),** अनुसंधान परिचय. चतुर्थ संस्करण. आगरा: विनोद पुस्तकमंदिर पृष्ठ संख्या-63.
18. **राय, पारसनाथ (2005).** अनुसंधान परिचय, आगरा: लक्ष्मीनारायण अग्रवाल पब्लिशर्स।
19. **सक्सेना, एन. आर. स्वरूप, चतुर्वेदी, शिखा (2007),** उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षक, पृष्ठ 1-22.
20. **सिद्धु, के.सी. (1985),***मैथडॉलोजी ऑफ रिसर्च इन एज्यूकेशन,* एटलिंग पब्लिषर्स।
21. **शर्मा, डॉ. आर.ए. (2013),** शिक्षा अनुसंधान के मूल तत्व एवं शोध प्रक्रिया, आर. लाल बुक डिपो, मेरठ।
22. **सारस्वत, डॉ. मालती (1997),** शिक्षा मनोविज्ञान की रूपरेखा: आदत और शिक्षा, आगरा: विनोद पुस्तक मंदिर. पृ. स. 255.
23. **सुखिया, एस.पी. (1973),** शैक्षिक अनुसंधान के मूल तत्व. द्वितीय संस्करण, आगरा: विनोद पुस्तक मंदिर. पृष्ठ संख्या-487.
24. **हकीम, एम.ए. और अस्थाना, विपिन (1994),** मनोविज्ञान की शोध विधियाँ. आगरा: विनोद पुस्तक मंदिर. पृष्ठ संख्या-169.
25. **त्रिवेदी, आर.एन. एवं शुक्ला, डी.पी. (2008),** रिसर्च मैथ्डोलॉजी, जयपुर: कॉलेज बुक डिपो. पृ.सं. 321.

Journals & Magazines:-

1. भारतीय शिक्षा शोध, पत्रिका रिव्यू, अंक–22.
2. नई शिक्षा, राष्ट्रीय शैक्षिक संवाद की पत्रिका, वर्ष – 62 अंक – 5.
3. जर्नल ऑफ वैल्यू एजूकेशन, अंक–5, जनवरी व जुलाई, 2005.

Survey:-

1. Buch, M.B. (Ed.). First survey in Education.
2. Buch, M.B. (Ed.). Second survey in Education.
3. Buch, M.B. (Ed.). Third survey in Education.
4. Buch, M.B. (Ed.). Fourth survey in Education.
5. Buch, M.B. (Ed.). Fifth survey in Education

Webliography:-

1. www.ase.org.uk
2. www.shodhganga.inflibnet.ac.in
3. www.usq.edu.au/users/albino/papers/site99/1345.html
4. www.skills_nict.com.in
5. www.google.com
6. www.education.nic.in

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की विवाह, दहेज एवं एकल परिवार की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन

डॉ. किरण गिल* पृथ्वी पाल सहारण**

* सह आचार्य (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.)भारत
** पी.एच.डी. शोद्यार्थी (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध में 'अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की विवाह, दहेज एवं एकल परिवार की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन' के सम्बन्ध का अध्ययन किया गया हैं। अध्ययन में प्राप्त आंकडों के आधार पर निष्कर्ष प्राप्त किये गए है। यह अध्ययन राजस्थान के श्री गंगानगर व हनुमानगढ़ जिल के विभिन्न अकादमिक महाविद्यालयों मे अध्ययनरत् कुल 600 विद्यार्थियों पर किया गया है। प्रो. प्रमोद कुमार द्वारा निर्मित 'मैरेज एटीट्यूड स्केल', डॉ. आर.आर. शर्मा द्वारा निर्मित दहेज , डॉ. टी. एस. सोढ़ी व डॉ. जी. डी. शर्मा एकल परिवार का उपयोग किया गया है। निष्कर्ष रूप में पाया गया कि उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के विवाह, दहेज एवं एकल परिवार की अवधारणा में कोई सार्थक अन्तर नहीं हैं अर्थात समान है।

शब्द कुंजी –अकादमिक महाविद्यालय, विद्यार्थी, एकल परिवार, दहेज, विवाह की अवधारण।

प्रस्तावना – वर्तमान में भारत की प्रमुख सामाजिक समस्या अबाध गति से बढ़ती आबादी है जिसका एक प्रमुख कारण कम उम्र में विवाह है। आज स्नातक स्तर के उपरान्त विवाह के अवधारणा उत्पन्न हो रही है। शासन पर दबाव भी यही हे, लेकिन समाज में कम जागरूकता, परम्परा की तुलना में इसकी परवाह नहीं कर रहे हैं। इण्टरमीडिएट स्तर के विद्यार्थी 18 वर्ष तक के होते हैं। विवाह जितनी ही अधिक उम्र यानि 25 वर्ष तक हो तो जनसंख्या वृद्धि एवं जनसंख्या जनित समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। समस्या एवं परम्परा यह है कि माता–पिता पुत्रियों का विवाह शीघ्र करना चाहते हैं और पुत्रों की देर से। छात्र–छात्राएँ यदि देर से विवाह करने का निर्णय ले लें तो अभिभावक भी बदल सकते हैं। महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थी, किशोरावस्था के अहम् बात में होकर अतिसंवेदनशील एवं भावुक होते हैं जिससे परिपक्व आत्मनिर्णय, दृढ़ संकल्प एवं परिवर्तन वाले होते हैं। इसलिए विद्यार्थियों की विवाह की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति की आवश्यकता प्रतीत हुई। क्योंकि यदि महाविद्यालय स्तर की अभिवृत्ति प्रबल मानी गई तो इसे बदलने की आवश्यकता विवाह द्वारा पडेगी। इस दृष्टि से यह अध्ययन महत्वपूर्ण है।

आज पुरूष प्रधान समाज में महिलाओं को महिला होने के नाते कई प्रकार की समस्याओं का आये दिन मुकाबला करना पड़ता है। इनमें से एक प्रमुख समस्या है– दहेज प्रथा। आज दहेज विवाह की एक आवश्यक शर्त हो गयी है। प्राचीन समय में दहेज माता–पिता स्नेहवश देते थे किन्तु आज यह दहेज वर मूल्य बन गया है।

'यत्र नारियस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता।'

अर्थात् जहाँ नारियों की पूजा होती है वहाँ देवता निवास करते हैं। प्राचीन समाजों में दहेज प्रथा का प्रचलन नहीं था। सीता हों, कुन्ती हों अथवा कोई अन्य सुकन्या, सभी को स्वयंवर का अधिकार रहा है। निश्चित ही प्राचीन काल में नारियों का व्यक्तित्व सुरक्षित था, वे अपना जीवन साथी स्वयं चुनती थीं। स्मृतिकाल में भी दहेज प्रथा का कहीं उल्लेख नहीं मिलता है। वास्तव में दहेज प्रथा का प्रचलन मध्यकाल में हुआ है। जो वस्तुएं प्रेम व इच्छानुसार दी जाती थीं वह प्रथा एक बुराई में उभरकर समाज के सामने आगे आई। 13वीं–14 वीं शताब्दी तक यह प्रथा एक बुराई में उभरकर समाज के सामने आई और धीरे–धीरे यह एक बुराई के रूप में फैल गई। 19वीं सदी तक समाज में दहेज प्रथा ने इतना विकृत स्वरूप धारण किया कि जिससे कई कन्याओं को अपने जीवन से मुक्त होना पड़ा है।

दहेज के इस दानव ने समाज में जाने कितनी फूल सी नारियों को असमय ही क्रूरतापूर्वक निगल लिया है। कितनी लड़कियाँ आज निर्दयतापूर्वक दहेज के लोभी सास–ससुर द्वारा जलाई जा रही हैं, ऐसी स्थिति में भी पति कहलाने वाले कायर युवकों की लज्जा फूंफकार कर नहीं उठती, उनकी मनुष्यता विचरित नहीं हो पाती। जब तक सारा समाज ही दहेज दानव के विरू(उठ खड़ा नहीं होता, तब तक दहेज का दानव अपने दुष्ट खेल ही खेलता रहेगा। दहेज के मूल में क्या माता–पिता या अभिभावक हैं अथवा लड़के एवं लड़की की इच्छा है? यह जानने की आवश्यकता है। इस सम्बन्ध में यह शोध बहुत महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि यदि लड़के–लड़कियाँ दहेज नहीं चाहें तो दहेज की समस्या का समाधान हो सकता है।

परिवार का बड़ा आकार सदैव दु:ख का ही कारण बनता है। इसलिए संतान की संख्या नहीं अपितु उन्हें गुणवान एवं सुयोग्य बनाने की आवश्यकता है। कम संतान होने से माता का स्वास्थ्य उत्तम रहता है और वह एक श्रेष्ठ मां के उत्तरदायित्व का निर्वहन अच्छी तरह कर पाती है। परिवार छोटा रहने पर माता–पिता को संतानों के भरण–पोषण, शिक्षा, मनोरंजन तथा चिकित्सा की उत्तम सुविधाएं दिलाना सरल हो जाता है। बच्चों की समुचित देखभाल होती है, इन्हें माता–पिता का पूर्ण संरक्षण एवं स्नेह प्राप्त होता है, जिससे बच्चों का संवेगात्मक विकास भी संतुलित रूप से होता है। यही बच्चे भविष्य में श्रेष्ठ नागरिक बनकर देश के विकास में सहायक सिद्ध

होते हैं। परिवार भी आर्थिक एवं अन्य समस्याओं से मुक्त रहता है और सदस्यों के रहन-सहन का स्तर ऊँचा उठता है।

प्रस्तुत शोध का महत्व – अपने वर्तमान को अतीत एवं भविष्य से जोडे रखने के लिए वंश वृद्धि आवश्यक है।

औचित्यबद्ध किसी भी जीव का एक महत्वपूर्ण लक्षण वंश वृद्धिकरण होता है। हमारे धार्मिक ग्रन्थों में विवाह की उम्र अलग-अलग मानी गई है। वैदिक युग में 15 या 16 वर्ष की कन्या और 20 वर्ष के लड़के का विवाह होता था। महाभारत में लड़के की तथा लड़की की विवाह योग्य उम्र में अत्यधिक अन्तर बताया गया है। वात्स्यायन ने अपने कामसूत्र में यौवन प्राप्त लड़की को ही विवाह की स्वीकृति दी है। इस प्रकार उपरोक्त धर्मग्रन्थों में विवाह की उम्र लड़का की तो ठीक है किन्तु कन्या की उम्र अत्यधिक कम है जो कि आज के युग में बाल-विवाह कहलाता है तथा शासन द्वारा इस उम्र में किया गया विवाह अपराध माना गया है।

भारत में वर्तमान समय में विवाह की उम्र लड़कों के लिए कम से कम 21 वर्ष एवं लड़की के लिए 18 वर्ष निर्धारित की हुई है। महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थी भी अमूमन इसी उम्र के होते हैं। महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थी उत्तर किशोरावस्था से गुजरते हैं। इसी दौरान कामेन्द्रियाँ सक्रिय होना प्रारम्भ हो जाती हैं, लिहाजा विवाह की ओर ध्यान जाना स्वाभाविक हो जाता है। समस्या एवं परम्परा यह है कि माता-पिता पुत्रियों का विवाह शीघ्र करना चाहते हैं और पुत्रों की देर से। छात्र-छात्राएँ यदि देर से विवाह करने का निर्णय ले लें तो अभिभावक भी बदल सकते हैं। महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थी, किशोरावस्था के अहम् बात में होकर अतिसंवेदनशील एवं भावुक होते हैं जिससे परिपक्व आत्मनिर्णय, दृढ़ संकल्प एवं परिवर्तन वाले होते हैं। इसलिए विद्यार्थियों की विवाह की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति की आवश्यकता प्रतीत हुई। क्योंकि यदि महाविद्यालय स्तर की अभिवृत्ति प्रबल मानी गई तो इसे बदलने की आवश्यकता विवाह द्वारा पड़ती। इस दृष्टि से यह अध्ययन महत्वपूर्ण था। आज पुरूष प्रधान समाज में महिलाओं को महिला होने के नाते कई प्रकार की समस्याओं का आये दिन मुकाबला करना पड़ता है। इनमें से एक प्रमुख समस्या है- दहेज प्रथा। आज दहेज विवाह की एक आवश्यक शर्त हो गयी है। प्राचीन समय में दहेज माता-पिता स्नेहवश देते थे किन्तु आज यह दहेज वर मूल्य बन गया है। दहेज के मूल में क्या माता-पिता या अभिभावक हैं अथवा लड़के एवं लड़की की इच्छा है? यह जानने की आवश्यकता थी। इस सम्बन्ध में यह शोध बहुत महत्वपूर्ण था, क्योंकि यदि लड़के-लड़कियाँ दहेज नहीं चाहें तो दहेज की समस्या का समाधान हो सकता है।

विश्व की जनसंख्या तीव्र गति से बढ़ रही है। यह समस्या विकासशील एवं अपेक्षाकृत पिछड़े गरीब देशों में और अधिक गम्भीर है। भारत जैसे देश की जनसंख्या वृद्धि की गति अत्यन्त तीव्र है जहाँ की आधी से अधिक जनसंख्या आज भी गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन कर रही है। परिवार का बड़ा आकार सदैव दु:ख का ही कारण बनता है। इसलिए संतान की संख्या नहीं अपितु उन्हें गुणवान एवं सुयोग्य बनाने की आवश्यकता है। कम संतान होने से माता का स्वास्थ्य उत्तम रहता है और वह एक श्रेष्ठ मां के उत्तरदायित्व का निर्वहन अच्छी तरह कर पाती है। परिवार छोटा रहने पर माता-पिता को संतानों के भरण-पोषण, शिक्षा, मनोरंजन तथा चिकित्सा की उत्तम सुविधाएं दिलाना सरल हो जाता है। केवल आज सन्तानोत्पत्ति एवं प्रजनन उनकी मूल भूमिका नहीं रह गयी है। अत: अपेक्षित लघु परिवार के सामाजिक प्रतिमान एवं स्वीकृति के प्रति उनमें नये मूल्य जागृत हो रहे हैं। इस महत्वपूर्ण पक्ष को ध्यान में रखकर शोध करने की आवश्यकता थी।

समस्या कथन – 'अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की विवाह, दहेज एवं एकल परिवार की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन'

शोध शीर्षक में प्रयुक्त शब्दों का परिभाषीकरण

अकादमिक महाविद्यालय – महाविद्यालय मूल शब्द का अर्थ है एक बड़ा कक्ष जहाँ सहयोगी व्यक्ति किसी सर्वनिष्ठ उद्देश्य या कार्य के लिए एकत्र हो अथवा व्यक्तियों की ऐसी संस्था जहाँ लोग किसी सर्वनिष्ठ प्रयोजन के लिए मिलते हो। बाद में यह शब्द माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा की संस्थाओं के लिए प्रयोग होने लगा। अब यह उच्च माध्यमिक स्तर में ऊपर की शिक्षा देने वाली संस्थाओं के लिए प्रयोग होता है। यह उत्तर किशोरावस्था के छात्रों के लिए माधयमिक स्तर के बाद तथा विश्वविद्यालयीय शिक्षा के प्रारम्भिक स्तर की संस्था है। अकादमिक महाविद्यालय ;जनरल कॉलेजद्ध में कला, वाणिज्य या विज्ञान जैसे शिक्षा के विषय पढ़ाये जाते हैं।

विवाह – विवाह, दो विषम लिंगियों को यौन संबंध स्थापित करने की सामाजिक या कानूनी स्वीकृति प्रदान करता है, विवाह ही परिवार की आधारशिला है और परिवार में ही बच्चों का सामाजीकरण एवं पालन-पोषण होता है, समाज की निरन्तरता, विवाह एवं परिवार से ही सम्भव है, विवाह आर्थिक हितों की रक्षा एवं भरण-पोषण के लिए आवश्यक है।

सांस्कृतिक दृष्टि से विवाह किसी समाज की परम्पराओं के संरक्षण और व्यक्तित्व के निर्माण का महत्वपूर्ण कार्य करता है। विवाह द्वारा बनने वाले परिवार में बच्चा अपने समाज के आचार-व्यवहार, रीति-नीति, धार्मिक एवं नैतिक विश्वासों एवं आदर्शों से परिचित होता है, उन्हें सीखता है और अपनों को उन आदर्शों के अनुरूप सांचे में ढालता है। विवाह एक धार्मिक सम्बन्ध भी है। हिन्दू समाज में वैदिक युग में ऐसा समझा जाता था। विवाह का धार्मिक रूप हिन्दू समाज में ही नहीं किन्तु अन्य अनेक समाजों में और धर्मों में पाया जाता है।

दहेज – दहेज शब्द का अर्थ सामान्यत: उस राशि, वस्तुओं या सम्पत्ति से लगाया जाता है, जिसे कन्या पक्ष विवाह के अवसर पर वर पक्ष को प्रदान करता है। प्रारम्भ से ही विवाह एक धार्मिक संस्कार माना गया और कन्यादान करना एक धार्मिक कृत्य, जिसे मोक्ष प्राप्ति के प्रतीक रूप में माना जाने लगा। हिन्दू धार्मिक ग्रन्थों में विवाह के अनेक प्रकरण मिलते हैं, जिनमें कन्यादान करने एवं विवाह में दान के रूप में धन, वस्त्राभूषणादि देने के उदाहरण प्रकट होते हैं।

दहेज निरोधक अधिनियम, 1961 के अनुसार- 'दहेज का अर्थ कोई ऐसी सम्पत्ति या मूल्यवान निधि से है जो विवाह करने वाले दोनों पक्षों में से एक ने दूसरे पक्ष को, अथवा विवाह में भाग लेने वाले दोनों पक्षों में से किसी पक्ष के माता-पिता या किसी अन्य व्यक्ति ने दूसरे पक्ष के माता-पिता या किसी अन्य व्यक्ति को विवाह के अवसर पर या विवाह से पहले या विवाह के बाद विवाह की शर्त के रूप में दी हो या देना मंजूर किया हो।'

अत: कानूनी रूप से दहेज का अर्थ किसी भी ऐसी सम्पत्ति अथवा मूल्यवान वस्तुओं से है जिसे विवाह की एक शर्त के रूप में विवाह से पहले, विवाह के समय, या बाद में एक पक्ष को दूसरे पक्ष द्वारा दिया जाता है।

एकल परिवार – एकल परिवार का शाब्दिक अर्थ है- 'छोटा परिवार' अर्थात् जिस परिवार में केवल एक या दो संतान होती है। एकल परिवार को प्राथमिक मूल या नाभिक परिवार भी कहते हैं। यह परिवार का सबसे छोटा और मूलभूत

रूप है। ऐसे परिवार में पति-पत्नी और अविवाहित बच्चे होते हैं। इस प्रकार के परिवार में अन्य रिश्तेदार नहीं पाये जाते हैं। ऐसे परिवार में साधारणत: आठ प्रकार के सम्बन्ध होते हैं- पति-पत्नी, पिता-पुत्र, माता-पुत्र, माता-पुत्री, भाई-भाई, बहिन-बहिन तथा भाई-बहिन। इनमें बच्चे भी अविवाहित रहने तक ही रहते हैं। विवाह के बाद अपना स्वयं का नाभिक परिवार बना लेते हैं। 'छोटा परिवार, सुखी परिवार' जैसा आदर्श-बेरोजगारी, उग्रवाद, वर्ग संघर्ष तथा अनेकों बुराईयों से छुटकारा पाने के लिए भारत जैसे राष्ट्र में आवश्यक माध्यम बन गया है।

अध्ययन के उद्देश्य :-

1. राजकीय तथा निजी अकादमिक महाविद्यालय के विद्यार्थियों में विवाह की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति का तुलनात्मक अध्ययन करना।
2. राजकीय तथा निजी अकादमिक महाविद्यालय के विद्यार्थियों में दहेज की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति का तुलनात्मक अध्ययन करना।
3. राजकीय तथा निजी अकादमिक महाविद्यालय के विद्यार्थियों में एकल परिवार की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति का तुलनात्मक अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकपनाएँ :-

1. राजकीय तथा निजी अकादमिक महाविद्यालय के विद्यार्थियों में विवाह की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
2. राजकीय तथा निजी अकादमिक महाविद्यालय के विद्यार्थियों में दहेज की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
3. राजकीय तथा निजी अकादमिक महाविद्यालय के विद्यार्थियों में एकल परिवार की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

न्यादर्श :-प्रस्तुत शोध में न्यादर्श के रूप में राजस्थान के श्री गंगानगर व हनुमानगढ़ जिल के विभिन्न उच्च माध्यमिक विद्यालयों मे अध्ययनरत् कुल 600 विद्यार्थियों का चयन किया गया है,

शोध में प्रयुक्त उपकरण :-

1. प्रो. प्रमोद कुमार द्वारा निर्मित 'मैरेज एटीट्यूड स्केल'
2. डॉ. आर.आर. शर्मा द्वारा निर्मित
3. डॉ. टी. एस. सोढ़ी व डॉ. जी. डी. शर्मा

प्रदत्तों का विश्लेषण व विवेचन -

1. राजकीय तथा निजी अकादमिक महाविद्यालय के विद्यार्थियों में विवाह की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

सारणी संख्या - 1

संस्थान	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	टी मान	सार्थकता का स्तर
राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थी	300	29.52	8.367	0.447	स्वीकृत
निजी राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थी	300	29.22	8.388		

व्याख्या :- उपर्युक्त तालिका सं. 1 में राजकीय एवं निजी राजकीय अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के विवाह की अवधारणा के मध्यमानों, मानक-विचलनों एवं क्रान्तिक अनुपात मान को दर्शाया गया है। राजकीय एवं निजी राजकीय अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के विवाह की अवधारणा के मध्यमान क्रमश: 29.52 एवं 29.22 तथा मानक विचलन क्रमश: 8.367 एवं 8.388 गणना द्वारा प्राप्त किये गये हैं। इन दोनों के आधार पर गणना द्वारा क्रांतिक अनुपात मान 0.447 प्राप्त हुआ है। 0.01 सार्थकता स्तर का सारणी मान 2.59 दिया गया है जो कि गणना द्वारा प्राप्त क्रान्तिक अनुपात के मान से कम है। अत: निर्धारित परिकल्पना राजकीय एवं निजी राजकीय अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के विवाह की अवधारणा में कोई सार्थक नहीं अन्तर है, स्वीकृत की जाती है। निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि राजकीय एवं निजी राजकीय अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के विवाह की अवधारणा में कोई सार्थक नहीं अन्तर है।

2. राजकीय तथा निजी अकादमिक महाविद्यालय के विद्यार्थियों में दहेज की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

सारणी संख्या - 2

संस्थान	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	टी मान	सार्थकता का स्तर
राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थी	300	49.73	11.123	0.847	स्वीकृत
निजी राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थी	300	51.00	10.956		

परिकल्पना संख्या 2 के अनुसार उपर्युक्त तालिका सं. 2 में राजकीय एवं निजी राजकीय अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के दहेज की अवधारण के मध्यमानों, मानक-विचलनों एवं क्रान्तिक अनुपात मान को दर्शाया गया है। राजकीय एवं निजी राजकीय अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के दहेज की अवधारण के मध्यमान क्रमश: 49.73 एवं 51.00 तथा मानक विचलन क्रमश: 11.123 एवं 10.956 गणना द्वारा प्राप्त किये गये हैं। इन दोनों के आधार पर गणना द्वारा क्रांतिक अनुपात मान 1.409 प्राप्त हुआ है। 0.01 सार्थकता स्तर का सारणी मान 2.59 दिया गया है जो कि गणना द्वारा प्राप्त क्रान्तिक अनुपात के मान से कम है। अत: निर्धारित परिकल्पना राजकीय एवं गैर राजकीय अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के दहेज की अवधारण में कोई सार्थक नहीं अन्तर है, स्वीकृत की जाती है। निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि राजकीय एवं गैर राजकीय अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के दहेज की अवधारण में कोई सार्थक नहीं अन्तर है।

3. राजकीय तथा निजी अकादमिक महाविद्यालय के विद्यार्थियों में एकल परिवार की अवधारणा के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

सारणी संख्या - 3

संस्थान	संख्या	मध्यमान	प्रमाप विचलन	टी मान	सार्थकता का स्तर
राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थी	300	153.72	15.890	2.020	स्वीकृत
निजी राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थी	300	157.45	16.093		

परिकल्पना संख्या 3 के अनुसार उपर्युक्त तालिका सं. 3 में राजकीय एवं निजी राजकीय अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के एकल परिवार की अवधारण के मध्यमानों, मानक-विचलनों एवं क्रान्तिक अनुपात मान को दर्शाया गया है। राजकीय एवं निजी राजकीय अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के एकल परिवार की अवधारण के मध्यमान क्रमश: 153.75 एवं 157.45 तथा मानक विचलन क्रमश: 15.890 एवं 16.093 गणना द्वारा प्राप्त किये गये हैं। इन दोनों के आधार पर गणना द्वारा क्रांतिक अनुपात मान 2.020 प्राप्त हुआ है। 0.01 सार्थकता स्तर का सारणी मान 2.59 दिया गया है जो कि गणना द्वारा प्राप्त क्रान्तिक अनुपात के मान से कम है। अत: निर्धारित परिकल्पना राजकीय एवं निजी राजकीय अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के एकल परिवार की अवधारण में कोई सार्थक नहीं अन्तर है, स्वीकृत की जाती है। निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि राजकीय एवं निजी राजकीय अकादमिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के एकल परिवार की अवधारण में कोई सार्थक नहीं अन्तर है।

उपयोगिता – महाविद्यालय स्तर तक के पाठ्यक्रम निर्माताओं को पाठ्यक्रम में कम उम्र में विवाह से हानि, दहेज एक अभिशाप के रुप में व लघु परिवार की अवधारणा को समाहित करना चाहिए जिससे विद्यार्थियों में इन प्रत्ययों के प्रति स्वस्थ दृष्टिकोण का विकास हो सके। पाठ्यपुस्तकें समाज की दासानुदास न होकर समाज की निर्मात्री होती हैं तथा उनकी राष्ट्र और समाज में सुधारवादी और निर्माणात्मक भूमिका होती है। अत: उन्हें उचित जीवन मूल्यों द्वारा समाज का दिशा-निर्देश करते रहना चाहिए।

भावी शोध हेतु सुझाव –

1. न्यादर्श के लिए बड़े न्यादर्श का चयन किया जा सकता है इसके लिए महाविद्यालयों तथा विद्यार्थियों की संख्या को बढ़ाया जा सकता है।
2. भावी शोध में स्नातक स्तर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के छात्र एवं छात्राओं में विवाह, दहेज व एकल परिवार की अवधारण से सम्बन्ध का अध्ययन किया जा सकता है

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. तिवारी, आर. पी. एवं शुक्ला, डी. पी. (1999), भारतीय नारी : वर्तमान समस्याएँ और भावी समाधान, नई दिल्ली : ए.पी.एच. पब्लिशिंग कार्पोरेशन।
2. कपिल, एच. के. (2006), सांख्यिकी के मूल तत्व, आगरा : विनोद पुस्तक मंदिर।
3. दहेज कानून में बदलाव के लिए रायशुमारी जारी, दैनिक जागरण, वाराणसी, जून 23, 2008
4. कृष्णलाल 'इमोशनल मैच्यूरिटी सेल्फ कोनफिडेन्स एण्ड एकेडमिक एचिवमेन्ट ऑफ एडोलसेन्स इन रिलेशन टू देयर जेन्डर एण्ड अरबन रूरल बैकराउण्ड' AIJR Dec. 2015
5. डॉ. अरोड़ा रीता, सुदेश मारवाह (2005) 'शिक्षा मनो विज्ञान एवं सांख्यिकी' शिक्षा प्रकाशन, जयपुर पृष्ठ संख्या (407-430)
6. डॉ. शर्मा, वी. एस. 'शिक्षा मनोविज्ञान' साहित्य प्रकाशन आगरा (2004)
7. सुखिया, एस.पी. (1990) शैक्षिक अनुसंधान के मूल तत्व. आगरा: विनोद पुस्तक मन्दिर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

सोशल मीडिया का उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के सामाजिक, नैतिक व पर्यावरणीय मूल्यों पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन

ऋचा गुप्ता* डॉ. गोविंद सोनी**

* पी.एच.डी. शोद्यार्थी (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.)भारत
** सहायक आचार्य (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

प्रस्तावना – प्लेटो के अनुसार :- 'राज्य वृक्षों या चट्टानों से निर्मित नहीं होता है बल्कि उन व्यक्तियों के चरित्र से निर्मित होता है, जो उसमें रहते है व्यक्तियों को श्रेष्ठ व चरित्रवान बनाने के लिए शिक्षा की बहुत आवश्यकता है।'

शिक्षा वह साधन है जो मूल्यों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तान्तरित करती है। मूल्य वह है जो हर युग में मानव की श्रेष्ठता, आर्थिक व भौतिक संरचनाओं के परिदृष्य में परखने में सहयोगी रही है। किसी भी समाज का निर्माण भावनाओं के बीज से प्रस्फुटित मूल्यों की जड़ो पर खड़े मानवताओं के बरगद की छांव में शीतल, उर्वरक, निष्कट एवं वातानुकूलित भूमि पर होता रहा है, जिसमें मानवता का वैचारिक भरण-पोषण करने वाले मूल्यों की कृषि को उत्साहित एवं सहयोग करने वाली ऋतु को शिक्षा का सम्बोधन दिया है।

शिक्षा जो मानव समाज में मृग कस्तूरी की भांति आन्तरिक भागों में व्याप्त रही है, परन्तु उसकी खोज के लिए जिज्ञासा से सावन में ज्ञान की पिपासा को संतृप करती हुई अनेक वैचारिक सरिताएं लम्बी यात्राए करती आई है। यह मानव समाज इन्ही सरिताओं के किनारों पर मूल्य रूपी तटों पर समाज को फलते फूलते देखा गया है। मूल्य जीवन का आधार है। हमारे जीवन में मूल्यों की योग्यता हर स्तर पर आंकी जाती है।

मूल्य समस्त वांछित व्यवहार का मानदण्ड है। वहीं वर्तमान में समाज में आये बदलाव के कारण इन मूल्यों मे भी कुछ बदलाव आये है अब हम सामाजिक न होकर वैष्विक हो गये है। हमारे वैश्विक होने में सोशल मीडिया की सबसे बड़ी भूमिका है। वर्तमान में सोशल मीडिया उपयोगकर्ता लगभग 7 अरब है जिसमें लगभग 49.70% युवा वर्ग है। आज हम ग्लोबल तो हो गये है परन्तु कहीं न कही आपने आप को अकेला महसूस कर रहा है। अमेरिका के पिट्सबर्ग यूनिवर्सिटी के प्रमुख लेखक ब्रायर्न प्रीमैक ने कहा है कि हम स्वाभाविक रूप से सामाजिक प्राणी है, लेकिन आधुनिक जीवन शैली हम एक साथ लाने की वजह हमारे बीच दूरियां पैदा कर रहा है। एक शोध के अनुसार 12 से 32 साल की आयु के 1500 अमेरिकी व्यस्क द्वारा 11 सबसे लोकप्रिय सोशल मीडिया बेवसाइट जैसे फेसबुक, यूट्यूब, ट्वीटर, गूगल प्लस, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, रेडिट वाइन और लिंकडिन इस्तेमाल करने के सम्बन्ध में उनसे प्राप्त प्रतिक्रियाओं को विश्लेषण किया और पाया कि सोशल मीडिया पर रोजाना 2 घंटे से ज्यादा वक्त बिताने वालो और आधे घण्टे से भी कम वक्त बिताने वाले लोगों के बीच सामाजिक तौर पर अकेला महसूस करने के विचारों में अन्तर पाया गया। जिन लोगों ने प्रति हफ्ते 58 या उससे ज्यादा बार सोशल मीडिया पर वक्त बिताया, उन्होंने प्रति हफ्ते 9 घण्टे से कम वक्त बिताने वाले की अपेक्षा खुद को ज्यादा अकेला महसूस किया।

अकेलापन के साथ साथ सोशल मीडिया बच्चों की नींद, मेमोरी, स्वास्थ्य पर भी प्रभाव डाल रही है। जिसमे चलते समाज में क्रान्तिकारी परिवर्तन होने के साथ साथ उनमें अनेक प्रकार की समस्याओं का भी जन्म हुआ।

शोध का महत्त्व – सोशल मीडिया ने मनोरंजन के नवीन पक्षों से यदि एक ओर किशोरों व विद्यार्थियों को ज्ञान व सूचना के विश्व से जोड़ा है, तो वहीं दूसरी ओर उन्हें परिवार व अनौपचारिक विश्व से दूर भी किया है। परंपरागत खेलों का स्थान इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों ने ले लिया है। परंपरागत खेल बच्चों में टीम भावना और सामूहिक निर्णय की शक्ति उत्पन्न करने के साथ-साथ शारीरिक विकास का काम करते थे, साथ ही स्वस्थ मनोरंजन भी करते थे। सोशल मीडिया पर अधिकाधिक समय व्यतीत करने से बच्चों में प्रत्यक्ष अकेलापन विकसित हो रहा है, परिणामत: जिन बच्चों में अकेलापन तेजी से विकसित होता है, उनमे अपराधिक प्रवृत्ति उत्पन्न होने की स्थिति देखी जा रही है। जैसे छात्रों द्धारा अपने ही सहपाठी की हत्या करना, 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षा में विफल होने पर हत्या या आत्महत्या, गर्लफ्रेंड से झगड़ा होने से या प्रेम प्रस्ताव को ठुकराए जाने पर उसकी हत्या, उस पर तेजाब फेंकना, पोर्नोग्राफी इत्यादि। जनि कैंटर ने अपने अध्ययन मीडिया हिंसा का बच्चोंऔर किशोरों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव में यह बताया गया कि टीवी के प्रभाव से बच्चे 15 वर्ष तक की आयु में आते-आते ना केवल सिगरेट पीना सीख जाते है, वरन उनमें कई तरह के उत्तोजक व्यवहार का जन्म भी होने लगता है।

इस प्रकार देखा जा सकता है कि सोशल मीडिया के प्रभाव से वर्तमान में समाज की सबसे छोटी इकाई परिवार में दिन-प्रतिदिन कहीं न कहीं मूल्यों में कमी आ रही है। विद्यार्थियों में ना केवल रहन-सहन खान-पान बोलचाल आदि प्रभावित हो रहे हैं, वरन आपसी रिश्तो में भी दूरियां आ रही हैं, जो एक सामूहिक चिंता का विषय है। क्या वास्तव में शिक्षा गृहण करने वाले बच्चों पर (विद्यालयीन) सोशल मीडिया का प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से इतना प्रभाव पड़ रहा है? इसी समस्या को जानने व समाधान करने के लिए शोधार्थी ने शोध विषय **सोशल मीडिया का उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के सामाजिक, नैतिक व पर्यावरणीय मूल्यों पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन** रखा है और इस विषय पर शोध का औचित्य निर्धारित

किया है।

समस्या कथन :–सोशल मीडिया का उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के सामाजिक, नैतिक व पर्यावरणीय मूल्यों पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन।

अध्ययन का उद्देश्य:–

1. उच्च माध्यमिक स्तर के सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों (छात्र व छात्राओं) के सामाजिक मूल्यों पर सोशल मीडिया के प्रभाव का अध्ययन करना।
2. उच्च माध्यमिक स्तर के गैर सरकारी विद्यालय में विद्यार्थियों (छात्र व छात्राओं) के सामाजिक मूल्यों पर सोशल मीडिया के प्रभाव का अध्ययन करना।
3. उच्च माध्यमिक स्तर के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों (छात्र व छात्राओं) के सामाजिक मूल्यों पर सोशल मीडिया के प्रभाव का अध्ययन करना।
4. उच्च माध्यमिक स्तर के सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों (छात्र व छात्राओं) के नैतिक मूल्यों पर सोशल मीडिया के प्रभाव का अध्ययन करना।
5. उच्च माध्यमिक स्तर के गैर–सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों (छात्र व छात्राओं) के नैतिक मूल्यों पर सोशल मीडिया के प्रभाव का अध्ययन करना।
6. उच्च माध्यमिक स्तर के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों (छात्र व छात्राओं) के नैतिक मूल्यों पर सोशल मीडिया के प्रभाव का अध्ययन करना।
7. उच्च माध्यमिक स्तर के सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों (छात्र व छात्राओं) के पर्यावरणीय मूल्यों पर सोशल मीडिया के प्रभाव का अध्ययन करना।
8. उच्च माध्यमिक स्तर के गैर सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों (छात्र व छात्राओं) के पर्यावरणीय मूल्यों पर सोशल मीडिया के प्रभाव का अध्ययन करना।
9. उच्च माध्यमिक स्तर के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों (छात्र व छात्राओं) के पर्यावरणीय मूल्यों पर सोशल मीडिया के प्रभाव का अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकल्पनायें :

1. उच्च माध्यमिक स्तर के सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों के (छात्र व छात्राओं) के सामाजिक मूल्यों पर सोशल मीडिया के प्रभाव में सार्थक अन्तर नहीं पाया जाता है।
2. उच्च माध्यमिक स्तर के गैर सरकारी विद्यालय में विद्यार्थियों के (छात्र व छात्राओं) के सामाजिक मूल्यों पर सोशल मीडिया के प्रभाव में सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है।
3. उच्च माध्यमिक स्तर के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों के (छात्र व छात्राओं) सामाजिक मूल्यों पर सोशल मीडिया के प्रभाव में सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है।
4. उच्च माध्यमिक स्तर के सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों के (छात्र व छात्राओं) नैतिक मूल्यों पर सोशल मीडिया के प्रभाव में सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है।
5. उच्च माध्यमिक स्तर के गैर–सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों के (छात्र व छात्राओं) नैतिक मूल्यों पर सोशल मीडिया के प्रभाव में सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है।
6. उच्च माध्यमिक स्तर के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों के (छात्र व छात्राओं) नैतिक मूल्यों पर सोशल मीडिया के प्रभाव में सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है।
7. उच्च माध्यमिक स्तर के सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों के (छात्र व छात्राओं) पर्यावरणीय मूल्यों पर सोशल मीडिया के प्रभाव में सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है।
8. उच्च माध्यमिक स्तर के गैर सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों के (छात्र व छात्राओं) पर्यावरणीय मूल्यों पर सोशल मीडिया के प्रभाव में सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है।
9. उच्च माध्यमिक स्तर के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों के (छात्र व छात्राओं) पर्यावरणीय मूल्यों पर सोशल मीडिया के प्रभाव में सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है।

अनुसंधान विधि :– सम्बन्धित साहित्य के अध्ययन व जनसंख्या के आधार पर सर्वेक्षण विधि का चयन किया गया।

उपकरण :–

1. प्रस्तुत शोध में स्वनिर्मित प्रश्नावली का प्रयोग किया गया है।
2. प्रश्नावली का निर्माण तीन आयाम सामाजिक मूल्य, नैतिक मूल्य व पर्यावरणीय मूल्य के आधार पर प्रश्न बनाये गये है।
3. सामाजिक मूल्य के अन्तर्गत भ्रातृत्व की भावना, सामाजिक दायित्व व कर्तव्य के आधार पर प्रश्न बनाये गये है।
4. नैतिक मूल्य में ईमानदारी, त्याग, निष्ठा, करूणा, दया व नम्रता आदि मूल्य आधारित प्रश्नों का निर्माण किया गया है।
5. पर्यावरणीय मूल्य के अन्तर्गत पेड़ पौधों के प्रति सरोकार, पर्यावरणीय शुद्धि के प्रति जागरूकता, वृक्षारोपण एवं रक्षण आदि मूल्यों पर आधारित प्रश्न बनाये गये है।

न्यादर्श :– न्यादर्श के रूप में बीकानेर जिले में संचालित सरकारी व गैर सरकारी (राजस्थान बोर्ड) विद्यालयों में अध्ययनरत् 800 विद्यार्थियों का चयन सौद्देश्य यादृच्छिक पद्धति द्वारा किया गया है।



परिणाम

1. **परिकल्पना –** में उच्च माध्यमिक स्तर के अध्ययनरत् सरकारी विद्यालयों के छात्र–छात्राओं में सोशल मीडिया के संदर्भ में छात्रों का मध्यमान 50.7 एवं छात्राओं का मध्यमान 51.8 प्राप्त हुआ जिसका प्रमाप विचलन छात्रों में 4.80 एवं छात्राओं में 5.09 प्राप्त हुआ। गणना से प्राप्त मान 0.84

सारणी से प्राप्त मान 2.00 से कम है अत: बनायी गई परिकल्पना उच्च माध्यमिक स्तर के सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों (छात्र व छात्राओं) का सोशल मीडिया के संदर्भ में सामाजिक मूल्यों में सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है स्वीकृत होती है।

2. **परिकल्पना –** उच्च माध्यमिक स्तर के अध्ययनरत् गैर सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में सोशल मीडिया के संदर्भ में छात्रों का मध्यमान 51.4 एवं छात्राओं का मध्यमान 51.9 प्राप्त हुआ जिसका प्रमाप विचलन छात्रों में 6.04 एवं छात्राओं में 5.18 प्राप्त हुआ। सामजिक मूल्य के अध्ययन से सम्बन्धित आंकडों को प्रदर्शित करती है। गणना से प्राप्त मान 0.31 सारणी से प्राप्त मान 2.00 से कम है अत: बनायी गई उच्च माध्यमिक स्तर के गैर सरकारी विद्यालयों के (छात्र व छात्राएँ) का सोशल मीडिया के संदर्भ में सामाजिक मूल्यों मे सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है परिकल्पना स्वीकृत मानी जाती है।

3. **परिकल्पना –** उच्च माध्यमिक स्तर के अध्ययनरत् सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में सोशल मीडिया के संदर्भ में छात्रों का मध्यमान 51.1 एवं छात्राओं का मध्यमान 51.8 प्राप्त हुआ जिसका प्रमाप विचलन छात्रों में 5.52 एवं छात्राओं में 5.13 प्राप्त हुआ। गणना से प्राप्त मान 0.74 सारणी से प्राप्त मान 1.98 से कम है। अत: बनाई गई परिकल्पना उच्च माध्यमिक स्तर के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों (छात्र व छात्राओं) का सोशल मीडिया के सदंर्भ में सामाजिक मूल्यों में सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है स्वीकृत की जाती है।

4. **परिकल्पना –** उच्च माध्यमिक स्तर के अध्ययनरत् सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में सोशल मीडिया के संदर्भ में छात्रों का मध्यमान 54.2 एवं छात्राओं का मध्यमान 51.8 प्राप्त हुआ जिसका प्रमाप विचलन छात्रों में 4.86 एवं छात्राओं में 5.68 प्राप्त हुआ, नैतिक मूल्य के अध्ययन से सम्बन्धित आंकडों को प्रदर्शित करती है। गणना से प्राप्त मान 1.70 सारणी से प्राप्त मान 2.00 से कम है अत: बनाई गई परिकल्पना उच्च माध्यमिक स्तर के सरकारी विद्यालयों के (छात्र व छात्राएँ) का सोशल मीडिया के संदर्भ में नैतिक मूल्यो मे सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है स्वीकृत होती है।

5. **परिकल्पना –** उच्च माध्यमिक स्तर के अध्ययनरत् गैर-सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में सोशल मीडिया के संदर्भ में छात्रों का मध्यमान 50.7 एवं छात्राओं का मध्यमान 51.2 प्राप्त हुआ जिसका प्रमाप विचलन छात्रों में 5.56 एवं छात्राओं में 5.84 प्राप्त हुआ। नैतिक मूल्य के अध्ययन से सम्बन्धित आंकडों को प्रदर्शित करती है। गणना से प्राप्त मान 0.37 सारणी से प्राप्त मान 2.00 से कम है अत: बनाई गई परिकल्पना उच्च माध्यमिक स्तर के गैर सरकारी विद्यालयों के (छात्र व छात्राएँ) का सोशल मीडिया के संदर्भ में नैतिक मूल्यों मे सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है स्वीकृत होती है।

6. **परिकल्पना –** उच्च माध्यमिक स्तर के अध्ययनरत् सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में सोशल मीडिया के संदर्भ में छात्रों का मध्यमान 52.4 एवं छात्राओं का मध्यमान 51.56 प्राप्त हुआ जिसका प्रमाप विचलन छात्रों में 5.51 एवं छात्राओं में 5.77 प्राप्त हुआ। नैतिक मूल्य के अध्ययन से सम्बन्धित आंकडों को प्रदर्शित करती है। गणना से प्राप्त मान 0.86 सारणी से प्राप्त मान 1.98 से कम है अत: बनाई गई परिकल्पना उच्च माध्यमिक स्तर के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के (छात्र व छात्राएँ) का सोशल मीडिया के संदर्भ में नैतिक मूल्यों मे सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है स्वीकृत होती है।

7. **परिकल्पना –** उच्च माध्यमिक स्तर के अध्ययनरत् सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में सोशल मीडिया के संदर्भ में छात्रों का मध्यमान 52.7 एवं छात्राओं का मध्यमान 50.2 प्राप्त हुआ जिसका प्रमाप विचलन छात्रों में 4.63 एवं छात्राओं में 5.57 प्राप्त हुआ। पर्यावरणीय मूल्य के अध्ययन से सम्बन्धित आंकडों को प्रदर्शित करती है। गणना से प्राप्त मान 1.85 सारणी से प्राप्त मान 2.00 से कम है अत: बनाई गयी परिकल्पना उच्च माध्यमिक स्तर के सरकारी विद्यालयों के (छात्र व छात्राएँ) का सोशल मीडिया के संदर्भ में पर्यावरणीय मूल्यों मे सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है स्वीकृत होती है।

8. **परिकल्पना –** उच्च माध्यमिक स्तर के अध्ययनरत् गैर-सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में सोशल मीडिया के संदर्भ में छात्रों का मध्यमान 50.7 एवं छात्राओं का मध्यमान 50.3 प्राप्त हुआ जिसका प्रमाप विचलन छात्रों में 5.99 एवं छात्राओं में 6.46 प्राप्त हुआ। पर्यावरणीय मूल्य के अध्ययन से सम्बन्धित आंकडों को प्रदर्शित करती है। गणना से प्राप्त मान 0.26 सारणी से प्राप्त मान 2.00 से कम है अत: बनाई गई परिकल्पना उच्च माध्यमिक स्तर के गैर सरकारी विद्यालयों के (छात्र व छात्राएँ) का सोशल मीडिया के संदर्भ में पर्यावरणीय मूल्यों मे सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है स्वीकृत होती है।

9. **परिकल्पना –** उच्च माध्यमिक स्तर के अध्ययनरत् सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में सोशल मीडिया के संदर्भ में छात्रों का मध्यमान 51.73 एवं छात्राओं का मध्यमान 50.28 प्राप्त हुआ जिसका प्रमाप विचलन छात्रों में 5.45 एवं छात्राओं में 6.03 प्राप्त हुआ। पर्यावरणीय मूल्य के अध्ययन से सम्बन्धित आंकडों को प्रदर्शित करती है। गणना से प्राप्त मान 1.38 सारणी से प्राप्त मान 1.98 से कम है अत: बनाई गई परिकल्पना उच्च माध्यमिक स्तर के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के (छात्र व छात्राएँ) का सोशल मीडिया के संदर्भ में पर्यावरणीय मूल्यों मे सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है स्वीकृत होती है।

निष्कर्ष :-

1. वर्तमान में 87.89 प्रतिशत व्ट्सअप, इंस्टाग्राम व फेसबुक पर है और जो किषोर एक दिन में 4 घंटे से अधिक सोशल साइट्स पर देता है वह आभासी दुनिया के करीब है और वह उस आभसी दुनिया को प्रभावित करने के लिए अपनी वर्तमान से दूर हो रहा है।
2. परन्तु जो बच्चे सप्ताह के 8 घंटे इन साइट्स पर निकालते है उन्हें साकारात्मकता, सामाजिक जागरूकता, पर्यावरणीय स्थिरता आ रही है। वहीं ऐसे बच्चे विभिन्न सामाजिक समूह के सदस्य बनकर सक्रिय सहभागिता भी निभा रहे है।
3. शोध के परिणाम स्वरूप विद्यार्थियों के नैतिक मूल्यों की अपेक्षा सामाजिक मूल्यों पर सोशल मीडिया का प्रभाव अधिक पाया गया जो यह संकेत देता है कि सोशल मीडिया पर अधिकाधिक समय ऑनलाइन रहने से सामाजिक व्यवहार सीमित हो गया है।
4. छात्राओं में सामाजिक मूल्यों का विघटन सोशल मीडिया के अच्छे व बुरे दोनों प्रभाव दिखा रहा है, अच्छा यह है कि छात्राएँ स्वयं को पहले से अधिक स्वतंत्र एवं पहचान रखने वाले व्यक्तित्व के रूप में देख रही है वहीं दूसरी ओर यह भौतिक संसार में छात्राओं का लिप्त होना, भविष्य के समाज में महिलाओं की भूमिका में गंभीर कमी की ओर संकेत करते है।
5. सोशल मीडिया का प्रभाव संकायवार विभिन्न नहीं है इस कारण यह हो

सकता है कि किशोर युवाओं का बौद्धिक स्तर लगभग समान होता है।

6. पर्यावरणीय मूल्य पर सोशल मीडिया का प्रभाव सकारात्मक पड़ता है क्योंकि सोशल मीडिया विद्यार्थियों को पर्यावरणीय के प्रति जागरूक करता है।
7. 57.93 प्रतिशत विद्यार्थी फेसबुक को पसंद करते है तो वहीं 67.38 प्रतिशत विद्यार्थी इस्टाग्राम को व 80.12 प्रतिशत विद्यार्थी व्ट्सिअप पसन्द करते है। 69.21 प्रतिशत विद्यार्थी अपने विडियों शेयर करना पसन्द करते है।
8. सोशल मीडिया जहाँ पूरी विश्व को प्रभावित कर रहा है वहीं आज का युवा भी इसके इस्तेमाल में पीछे नहीं है और इस अभासी दुनिया से 67.07 प्रतिशत प्रभावित है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. https://en.wikipedia.org/wiki/social_media
2. www.lifevaluesskills.com/
3. www.shodhganga.com/
4. https://www.facebook.com/socialmediaimpecton students
5. www.google.com/
6. www.shodhmitra.com/
7. www.slideshare.com/
8. www.scribed.com/
9. www.dissertationtopics.com/
10. www.socscidiss.bham.ac.uk/about-dissertations.html
11. www.dictionary.com/browse/dissertation
12. https://www.bestmastersdegrees.com/...
13. https://www.cs.purdue.edu/.../
14. https://www.youtube.com/watch
15. https://www.ivoryresearch.com
16. https://myassignmenthelp.com/dissertation/topics

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के विद्यालयी वातावरण, गृह वातावरण, शैक्षिक उपलब्धि एवं उनके कैरियर के प्रति निर्णय क्षमता के सम्बन्ध में अध्ययन

डॉ. वन्दना दुआ* सम्पत सिंह**

* सह आचार्य (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.)भारत
** पी.एच.डी. शोद्यार्थी (शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध में उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के विद्यालयी वातावरण, गृह वातावरण, शैक्षिक उपलब्धि एवं उनके कैरियर के प्रति निर्णय क्षमता के सम्बन्ध में अध्ययन किया गया। यह अध्ययन राजस्थान राज्य के श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ जिले राजकीय उच्च माधयमिक विद्यालयों व निजी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् कुल 600 विद्यार्थियों का यादृच्छिक विधि पर किया गया है। विद्यार्थियों के विद्यालयी वातावरण के प्रदत संग्रहण हेतु डॉ. करूणा शंकर मिश्र, गृह वातावरण के प्रदत संग्रहण हेतु डॉ. करूणा शंकर मिश्र, शैक्षिक उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों के कक्षा 10 के अंक एवं उनके कैरियर के प्रति निर्णय क्षमता जाने हेतु स्वनिर्मित मापनी का उपयोग किया गया है। निष्कर्ष रूप में उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के विद्यालयी वातावरण, गृह वातावरण एवं शैक्षिक उपलब्धि का उनके कैरियर के प्रति निर्णय क्षमता के मध्य कोई सहसम्बन्ध नहीं पाया गया है।

शब्द कुंजी –उच्च माध्यमिक विद्यालय, विद्यार्थी, विद्यालयी वातावरण, गृह वातावरण, शैक्षिक उपलब्धि एवं उनके कैरियर के प्रति निर्णय क्षमता।

प्रस्तावना – बालक के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में वंशानुक्रम व वातावरण के क्रम में पारिवारिक (गृह) वातावरण का विशिष्ट महत्व है, क्योंकि वंशानुक्रम से प्राप्त गुणों का परिमार्जन व परिकरण परिवार में ही होता है। बालक परिवार में जन्म लेता है, परिवार में ही उसका पालन पोषण होता है। परिवार के सदस्यों के साथ अन्त: क्रियायें करता है। अत: इन क्रियाओं के फलस्वरूप ही उसे अपने जीवन के प्रारम्भिक वर्षो से ही परिवार में रहते हुए विभिन्न अभिवृत्तियों, अभियोग्यताओं, जीवन शैली, व्यवहार व आचरण में मापदण्डों तथा अन्य व्यक्तित्व गुणों जैसे तर्क, क्षमता निर्णय क्षमता, सृजनात्मकता, स्वतन्त्र विचारशीलता आदि के विकास का अवसर मिलता है। पारिवारिक वातावरण में माता–पिता तथा बच्चे के साथ सम्बन्ध उनके द्वारा प्रदत्त प्रोत्साहन जोश, प्रशंसा, व स्वीकारोक्ति आदि ऐसे परिवर्त्य है जो बालक की शैक्षिक उपलब्धिा पर सकारात्मक प्रभाव डालते है। बालकों की निम्न शैक्षिक उपलब्धि बालकों को परिवार में कठोर तथा बार–2 मिलने वाला दण्ड, कठोर, प्रवृत्ति, अलगाव, पैतृक प्रोत्साहन की कमी के कारण परिलक्षित होती है। अभी तक विद्यालयी वातावरण तथा शैक्षिक उपलब्धि व पारिवारिक वातावरण तथा शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सहसंबंध को ज्ञात करने के लिए अनेक अध्ययन किए जा चुके है। उसी प्रकार बालको की शिक्षा के महत्व के क्रम में व्यवसाय या कैरियर वरीयता पर है। इन वरीयताओं के आधार पर ही छात्र अध्ययन के विभिन्न पाठ्यक्रमों का चयन करते है। इन विभिन्न पाठ्यक्रमों के चयन का आधार वरीयता क्रम या बौद्धिक योग्यता ही नहीं होता है अपितु बहुत से कारक इसे प्रभावित करते है और इन चरों में एक मुख्य कारक बालक की शैक्षिक उपलब्धि भी है। अत: पूर्व की कक्षाओं में शैक्षिक उपलब्धि उनकी कॅरियर के प्रति निर्णय क्षमता को भी एक सीमा तक प्रभावित करती है। अत: शैक्षिक उपलब्धि कॅरियर निर्णय क्षमता/ व्यवसायिक परिपक्वता के लिए निर्धारक तत्व है। आर्थिक–सामाजिक स्थिति, पारिवारिक वातावरण, विद्यालयी वातावरण, मित्रों व सहपाठियों से प्रतियोगिता व प्रतिस्पर्धा की भावना, शैक्षिक उपलब्धि आदि प्रमुख है। किशोरों तथा युवाओं के कॅरियर संबधीनिर्णय के पीछे अभिभावकों का दबाव व स्वंय की शैक्षिक उपलब्धि तथा अध्यापकों द्वारा मार्गदर्शन इसके प्रमुख कारण होते है।

कॅरियर के प्रति निर्णय क्षमता चार तत्वो में निहित है – स्वयं के विषय में जागरूकता, कॅरियर के विषय में जानकारी, कॅरियर की योजना तथा स्थापना अधयापक जो कि विद्यालयी वातावरण का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण कारक है, उसका पूर्ण व्यक्तित्व तथा गुण, बालक की शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति को निर्धारित करने का प्रयास करते है, साथ ही बालक के आत्मसम्मान, विषय सम्बन्धी ज्ञान, स्वयं के प्रति ज्ञान, बदलते युग की माँगों का ज्ञान, शैक्षिक उपलब्धि आदि को घटाने व बढ़ाने के रूप में भी कार्य करता है। परिवार के अतिरिक्त विद्यालयी वातावरण उपरोक्त चारों तत्वों को विकसित करने में बराबर के साझेदार है।

ध्यान देने योग्य बात यह है कि कॅरियर का अभिप्राय सिर्फ नौकरी प्राप्त करना ही नहीं है अपितु यह एक जीवन पर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया है जिसका सबंध व्यक्ति की रूचि, क्षमता कार्य से मिलने वाली सतुंष्टि तथा जीवन के सिद्धान्तों व आदर्शोसे जुड़ा होता है। यह एक मनोवैज्ञानिक पहलू है कि जब व्यक्ति अपनी रूचि व्यवहार व योग्यता के अनुरूप कॅरियर हेतु निर्णय लेता है तो वह न सिर्फ सफलता प्राप्त करता है अपितु अधिक रचनात्मक ढंग से भी कार्य कर पाता है। अत: कॅरियर के सबंध में किया गया सोच विचारपूर्ण निर्णय विद्यार्थियों के लिए काफी मददगार सिद्ध होता है तथा कॅरियर की आगामी योजनाओं को निर्धारित करने की उनकी क्षमता

को बढ़ा देता है।

प्रस्तुत शोध का महत्व –आजकल, लगभग प्रत्येक मनोवैज्ञानिक सहमत है कि हमारा अर्जित किया गया व्यवहार व्यक्ति व उसके सामाजिक समूहो के मध्य अन्त: क्रिया का परिणाम है (परमेश्वरन तथा बीना, 2002)। अन्य व्यक्ति जैसे माता–पिता, भाई–बहिन, सम्बन्धी, प्रधानाध्यापक अध्यापक व मित्र, बालक से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अन्त: क्रिया करते है और उसकी क्षमताओं, कौशलों तथा व्यवहार को आकार प्रदान करते है।

आज के शैक्षिक युग में जहाँ सार्वभौमिकरण और तीव्र वैज्ञानिक तथा तकनीकी विकास हो रहा है, पूरे विश्व में किशोर तथा युवा अपने कॅरियर के चयन व योजना के संदर्भ में विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहे है। अपनी योग्यताओं, क्षमताओं, कौशलों, ज्ञानात्मक, संरचना, रूचि, मूल्य पद्धति तथा व्यक्तित्व गुणों के अनुसार सही कॅरियर का चयन करके व्यक्ति अपनी सम्भव शक्तियों के साथ उच्च सीमा तक संतोष प्राप्त कर कार्य क्षेत्र में प्रदर्शन कर सकता है इसी कारण से प्रत्येक बालक को अपने कॅरियर के प्रति निर्णय लेने में गम्भीर होने चाहिए क्योंकि इस निर्णय के आधार पर ही वह आजीवन व्यवसायिक तथा अपनी सामाजिक पहचान को आधार प्रदान कर सकता है। सामान्यत: कॅरियर के लिए निर्णय बालकों के माता–पिता व सम्बन्धियों की इच्छा पर किए जाते है जिसका उद्देश्य केवल व्यक्ति द्वारा अधिक से अधिक धन अर्जित करना है। संतोषजनक ढगं से कॅरियर को प्राप्त करना आज के युवाओं का लक्ष्य बन गया है। आज प्रतियोगिता एवं तेजी से होते हुए तकनीकी विकास के युग में विद्यार्थी विस्तृत दृष्टिकोण के साथ विषयवस्तु के अधिगम हेतु उच्च मनोबल रखते हैं जिससे कि वे अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकें। विद्यालयी वातावरण में रहते हुए एक बृहद स्तर पर सामाजिक अन्त:क्रिया के माध्यम से कॅरियर सम्बन्धी ज्ञान को अर्जित करने अपने व्यक्तित्व क्षमताओं,कौशलों, प्रभावशीलता को बढ़ाने का प्रयास करते हैं। अधिक से अधिक अंक अर्जित कर शैक्षिक उपलब्धि के द्वारा स्वंय को सहपाठियों व अध्यापकों के समक्ष स्थापित करना चाहते हैं, लेकिन फिर भी आधुनिक शैक्षिक तथा व्यावसायिक परिप्रेक्ष्य में देखते हुए यह अत्यधिक निराशाजनक है कि कॅरियर नियोजन में व्यक्तिगत विभिन्नताओं के बावजूद अधिकांश बालक अपने कॅरियर का चयन उस व्यवसाय की भविष्य अवस्थिति के बिना निरूद्देश्य पूर्ण ढंग से, संयोग से तथा अपरिकल्पित ढंग से कर रहे है। वास्तविक सामाजिक तथा पारिवारिक परिप्रेक्ष्य बालकों की मनोवैज्ञानिक योग्यताओं तथा क्षमताओं, उनकी स्वभावगत तथा व्यक्तित्व दशाओं को जानते हुए भी, हमारे देश में युवाओं तथा विद्यार्थियों की एक बहुत बड़ी सख्या अपने कॅरियर का नियोजन उपयुक्त तथा बुद्धिमतापूर्ण ढगं से क्यों नहीं कर पा रही है? अत: आवश्यक हो जाता है कि यह ज्ञात किया जाए कि विद्यार्थियों के इन प्रयासों के बाद भी उनकी कॅरियर के प्रति निर्णय क्षमता अथवा व्यावसायिक परिपक्वता क्या वास्तव में गृह वातावरण, विद्यालयी वातावरण तथा शैक्षिक उपलब्धि से प्रभावित होती है? जिसके निष्कर्ष को ज्ञात कर संभावित (चर) में अपेक्षित सुधार करके भारत के भविष्य को सँवारा जा सकेगा तथा प्रत्यके बालक की क्षमताओं का उपयुक्त उपयोग किया जा सकेगा।

समस्या कथन – 'उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के विद्यालयी वातावरण, गृह वातावरण, शैक्षिक उपलब्धि एवं उनके कैरियर के प्रति निर्णय क्षमता के सम्बन्ध में अध्ययन'

अध्ययन के उद्देश्य :–

1. उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के विद्यालय वातावरण एवं कैरियर के प्रति निर्णय क्षमता में सहसम्बन्ध का अध्ययन करना।
2. उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के गृह वातावरण एवं कैरियर के प्रति निर्णय क्षमता में सहसम्बन्ध का अध्ययन करना।
3. उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि एवं कैरियर के प्रति निर्णय क्षमता में सहसम्बन्ध का अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकपनाएँ :–

1. उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के विद्यालय वातावरण एवं कैरियर के प्रति निर्णय क्षमता में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।
2. उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के गृह वातावरण एवं कैरियर के प्रति निर्णय क्षमता में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।
3. उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि एवं कैरियर के प्रति निर्णय क्षमता में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

- **Credit Period: -** The firm offers around one month of credit period to its customers due to high competition. Only few suppliers give on credit of around one month and Paddy is mainly procured on cash basis.
- **Stretched Liquidity Position: -** Due to elongated operating cycle position the cash received from customers after 164 days. Due to sound working capital position firm has increased its total operating income and overall profitability.

i. Operating cycle position on an average 164 days.
ii. Current ratio is around 1.35 times.
iii. Quick ratio is around 0.26 times.
iv. Cash and bank balances is 0.11 crore on average.

- **Location of the firm: -** The location of the firm is favourable as there is availability of easy raw material.

4. Sri Swami Chitrath Rice mills: It is established as a partnership firm in 2010. The firm processes and sells basmati rice. Its facility at Fazilka, Punjab has milling and sorting capacity of 4 tonne per hour each. The business has high tech processing plant and quality testing labs.

- **Working capital management:** - The key strength of Sri Swami Chitrath rice mill lies in the management of working capital efficiently which strengthen its credit profile.
- **Liquidity Profile: -**

i. The firm has liquid investment of Rs. 0.33 crore and cash balances Rs. 0.04 crore.
ii. The CC utilisation stands as 76-80%.
iii. Cash conversion cycle is 109 days.
iv. The firm is availing long term facility of cash credit.
v. The firm is having higher receivable days due to a longer contract period.
vi. The firm has DSCR of 1.27 times and ISCR of 1.26 times.
vii. The current ratio of the company is stands at 1.43 times.

Liquidity profile of the firm is moderate with the nature of the business and there is an imbalance in the payable and receivables of the firm.

The operating profit increases with the proper management of the working capital in comparison to the previous years. The revenue stands at Rs.110.43 crore previously it was Rs. 83.02 crore.

5. Dhuria Rice mills: Dhuria rice mills was established in the year 1978 as a partnership firm. DRM is engaged in processing and trading of non-basmati rice in the domestic market and to exporters in India. The plant has milling capacity of 2 tonnes per hour of paddy. Head office and manufacturing plant of the company is located as Fazilka, Punjab.

- **Working Capital Management: -** The management of working capital is not proper and reflected by company's weak credit profile and working capital requirement is done out of substantial debt funding which increases high interest cost burden.

The company is highly leveraged on account of enhancement in the working capital borrowing of the firm.

This results into decline in profitability margins at the operating and net levels.

Conclusion: It is evident from the above study that working capital management has effects on the profitability of firms. Also, it shows positive relation between the size of the firm and working capital requirement. Larger the firm more the working capital requirement in the firm. This may be due to the fact the firms with larger volume of sales are motivated by liberal credit policy, and holding more inventory which would result in large sales volume. Also, from the above data we conclude that there is a positive and significant relationship between operating cycle (OC) and Working capital requirement (WCR), which implies that finance managers can increase the level of investment in working capital if the firm's operating cycle is longer.

Limitations: The study has many limitations like any other studies. Since the study is conducted on rice mills of Fazilka district, so it covers niche area and inferences are made only from such firms. The study also lacks lots of official data. The primary data is collected from the process of interview and the information is given on confidential basis. The official data is also demanded from the income tax department but they refuse to send income statements and balance sheet of firms. So, the data is mostly collected from secondary source i.e. through newspapers, journals, and also from data published by few credit rating agencies.

References:-

1. Deloof, M. (2003). Does working capital management affect profitability of Belgian firms? Journal of Business Finance and Accounting, 30(3) & (4), 573-587
2. MengistuBogaleAyele, TesfaNegaTesema (2021). Determinants of Working Capital Requirement: Evidence from Manufacturing Companies in Ethiopia. International Journal of financial management 11(1) 2001, 25-40
3. Afza, T., &Nazir, M.S. (2007). It is better to be aggressive or conservative in managing working capital? Journal of Quality and Technology Management, 3(2).
4. Brigham, E. F., & Houston, J.F. (2006). Fundamentals of Financial Management (10th ed.). United states of America: cram 101 incorporate
5. Mihir Dash (2019). Impact of Working Capital Management on Profitability Among Sugar Manufacturing Companies in India. International Journal of Financial Management 9(4) 2019, 16-30

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

भारतीय कृषि का बदलता स्वरूप: सिरसा जिले के विशेष सन्दर्भ में

प्रगट कस्वाँ* डॉ. श्यामसुन्दर वर्मा **

* पी.एच.डी. शोधार्थी (भूगोल) टांटिया विश्वविद्यालय श्री गंगानगर (राज.)भारत
** शोध निर्देशक (भूगोल) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

परिचयात्मक शोध की भूमिका – भारतीय कृषि, जो पहले पूर्णतया पशुओं और मानव श्रम पर आधारित थी, आज अपना स्वरूप धीरे-धीरे ही सही, लेकिन प्रभावी रूप में बदल रही है। प्रस्तुत शोध कार्य में कृषि के बदलते स्वरूप जिसमें फसल उत्पादन, प्रकार, सिचाई के बदलते तरीके और इस स्वरूप का प्रभाव, का अध्ययन हरियाणा के सिरसा जिले के परिप्रक्ष्य में किया गया है।

पुरातन समय में कृषि साधारण तौर तरीके से किया जाना स्वाभाविक था परन्तु जैसे-जैसे देश की आबादी तेज गति से बढ़ती गई, खाधान्न की जरूरतें भी बहुत बढ़ गई। अपने सर्वागीण विकास की ओर अग्रसर भारत को अपनी जनसंख्या की बढ़ती आवश्यकताओं को और पोषण जरूरतों को पूरा करने के लिए कृषि के क्षेत्र में सबसे पहले बदलाव की आवश्यकता खाद्य फसलों के विषय में हुई। भारत के कृषि सुधार के ये प्रयास हरित क्रांति के रूप में हमारे सामने फलीभूत हुए। हरित क्रांति में फसलोत्पादन में हुई तीव्र वृद्धि ने देश के अनाज भण्डारों को तो भरा ही, इसके साथ-साथ किसानों की आर्थिक दशाओं पर भी एक सकारात्मक प्रभाव डाला। विश्व ग्राम की अवधारणा और तकनीकी के बढ़ते उपयोग ने देश को सीधे रोज इजाद हो रही नवीन कृषि तकनीकों, यंत्रों, उन्नत बीजो, नवीन फसलों और उनकी प्रजातियों से जोड़ दिया और कृषि का एक बिल्कुल नया स्वरूप हमारे सामने आया।

सरकार द्वारा समय-समय पर चलाई गई कृषि विकास योजनाओं के लागु होने से उन्नत और आधुनिक कृषि से सभी परिचित हो गए। इस नवीनीकरण के सकारात्मक प्रभाव सबसे पहले देखने को मिले परन्तु उनके तुरन्त बाद नकारात्मक प्रभावों ने भी अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। खेतों की सिचाई के अवैज्ञानिक तौर तरिके, कीटनाशकों और उर्वरकों के प्रयोग में बेहताशा वृद्धि तथा खेतों के विस्तारीकरण के लिए वनों की कटाई इत्यादि ऐसे काम हुए जो मृदा निम्नीकरण, जैविक विनाश, पूर्णतया उर्वरकोंपरनिर्भरता, एक मृदा आधारित कृषि के रूप में हमारे सामने आए। अत: आवश्यक है कि कृषि विकास में मात्रामक वृद्धि के साथ-साथ गुणात्मक वृद्धि भी अपेक्षित है।

सिरसा हरियाणा का एक जिला है जो इस सर्वाधिक पश्चिमी भाग में पड़ता है। इसकी सीमाएं पंजाब और राजस्थान से लगती है। इसका अक्षांशीय विस्तार $29^0$14' से लेकर 30^0 उत्तरी तक है वही इसके देशांतरीय विस्तार की बात करें तो यह $74^0$29' से $75^0$18' एक फैला हुआ है। यह हरियाणा का सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला जिला है। यह चार तहसीलों सिरसा, ऐलनाबाद, रानियां और डब्वाली में विभाजित है। सिरसा का कुल क्षेत्रफल 4277 वर्ग किलोमीटर है। यहां का जन धनत्व 300 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है जो हरियाणा के दूसरे हिस्सों को देखा जाए तो अत्यंत कम है। 2011 के जनसंख्या के अनुसार सिरसा की कुल आबादी 1296297 है। इसका लिंगानुपात 897 है जो एक चिंता का विषय है। सिरसा जिला की जलवायु उष्णकटिबंधीय मरूस्थली प्रकार की है जो इसकी राजस्थान राज्य के नज़दीक होने के कारण है जिसका अधिकांश भाग मरुस्थली है। क्षेत्र का अधिकांश भाग मैदानी है और सिंचाई की उचित व्यवस्था है नहरी पानी के साथ साथ ट्यूवेल द्वारा सिंचाई भी उन्नत अवस्था में है जो इसे कृषि में हरियाणा ही नहीं पूरे भारत अग्रणी जिलों में शामिल करती है। समय-समय पर कृषि विभाग द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं का जिले के किसानों द्वारा खूब लाभउठाया जाता है। साक्षरता की दर 60 प्रतिशत से ऊपर होने के कारण यहां के किसान जागरूक समझे जाते है। सिरसा जिला हरित क्राति का लाभ उठाने वाले सबसे अग्रणी जिलो में से एक था लेकिन इसके दुष्प्रभाव भी इसे झेलने पड़े। गिरता हुआ भूजल स्तर उन्हीं दुष्प्रभावों में से एक है। इसके अलावा मिट्टी की उर्वरता समाप्ति और रसायनिक उर्वरकों पर आश्रिता भी उन में शामिल है। इन सभी समस्याओं को देखते हुए यह आवश्यक हो गया है कि कृषि के क्षेत्र में कुछ बदलावआवश्यक किए जाएं। यह बदलाव सिंचाई के तरीकों जैविक खाद के उपयोग फसल को अपनाकर आधुनिक तकनीकों को अपनाकर खेती को सतत पोषणीय स्वरूप देकर किए जा सकते हैं। प्रस्तावित शोध कार्य में भी कृषि के इसी स्वरूप की पहचानने की कोशिश की गई है कि इस दिशा में कितनी दूरी तय कर ली गई है और कितनी बाकी है।

परिचयात्मक शोध के सोपान – सिरसा हरियाणा राज्य का पश्चिमी छोर पर बसा हुआ जिला है। जिसकी अर्थव्यवस्था में कृषि का अति महत्वपूर्ण स्थान है और अधिकतर जनसंख्या कृषि कार्यों और उनसे जुड़े हुए कार्यों में लगी हुई है। इस क्षेत्र में पाए जाने वाले कृषि प्रारूप में परिवर्तन देखने को मिल रहे है, पहले जहां आधारभूत तरीकों से अपनी आवश्यकता अनुसार ही फसले बोई जाती थी जिनमें खाधान्नों का स्थान प्रमुख था वहीं आज उनका स्थान मुद्दादायनी फसलों ने ले लिया है। नई कृषि तकनीकों के माध्यम से फसलोत्पादन में भी वृद्धि महसूस की गई है।

परिचयात्मक शोध का महत्त्व – यह क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र होने के कारण इसकी संपूर्ण अर्थव्यवस्था कृषि पर ही टिकी हुई है। कृषि के कृषि का जो स्वरूप एक समय उन्नत समझा जाता था आज उसमें भी बदलाव की जरूरत

महसूस होने लगी है। यदि हम कृषि के क्षेत्र में हुए बदलाव को पहचान पाएंगे तो हमे भविष्य के लिए कृषि योजनाओं की नहीं बल्कि इससे जुड़ी हुई दूसरी नीतियों और योजनाओं को बनाने में बहुत मदद मिलेगी। यदि हम यह जान सके कि भारतीय कृषि का रूप कितना बदल गया है और इसमें बदलाव की कितनी संभावना और बाकी है तो यह हमारे लिए कृषि क्षेत्र में होने वाले लाभो, आर्थिक स्वास्थ्य और सामाजिक स्थितियों को भी निर्धारित करने में मदद कर सकता है। हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक कृषि सुधार में विकास का मंच तैयार कर सकते हैं। मिट्टी की समाप्त होती उर्वरता गिरते हुए जलस्तर और पर्यावरण दुष्प्रभाव पर भी आघात किया जा सकता है एक स्तरीय शोध कार्य दूसरे शोधार्थियों का भी इस क्षेत्र में कार्य करने का मार्ग प्रशस्त करता है।

प्रस्तावित शोध के उद्देश्य:

1. क्षेत्र की कृषि और इसका ऐतिहासिक प्रारूप का अध्ययन किया गया है।
2. क्षेत्र की वर्तमान कृषि और भावी कृषि विकास की संभावनाओं का अध्ययन किया गया है।
3. क्षेत्र के महान कृषि स्वरूप में प्रयुक्त होने वाले रासायनों के मात्रात्मक और गुणात्मक पक्षों का अध्ययन किया गया है।
4. क्षेत्र में संचालित की गई कृषि विकास योजनाओं का अध्ययन किया गया है।
5. क्षेत्र में प्रयुक्त सिंचाई की सुविधाओं और तकनीकों में बदलाव के बारे में जानकारी प्राप्त की गई है।
6. क्षेत्र के कृषि प्रारूप में बदलाव की प्रभावित करने वाले कारकों का अध्ययन किया गया है।
7. कृषि के विकासात्मक स्वरूप की ओर यात्रा में अवरोध कारणों की खोज करना और उनके निवारण हेतु सुदृढ प्रयासों का विश्लेषण किया गया है।

प्रस्तावित शोध का निष्कर्ष – भारतीय कृषि स्वरूप और ऐतिहासिक स्वरूप आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। कृषि हजारों वर्षों से भारतीय सभ्यता की रीढ़ रही है, जो देश के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक ताने–बाने को आकार देती रही है। यहां कृषि पैटर्न और भारतीय संस्कृति के ऐतिहासिक रूपों के प्रमुख पहलू हैं।भारत के पास प्राचीन काल से चली आ रही एक समृद्ध कृषि विरासत है। जैविक खेती, फसल चक्र और मिश्रित फसल जैसी पारंपरिक कृषि पद्धतियाँ सदियों से प्रचलित हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में छत पर खेती और सिंधु घाटी सभ्यता के शुष्क क्षेत्रों में नहर सिंचाई प्रणाली जैसी तकनीकें भारत में कृषि प्रतिभा के ऐतिहासिक रूपों को प्रदर्शित करती हैं।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. सिंह एल. आर. (1976) न्यू पर्सपेक्टिवज इन एग्रीकल्चरल ज्योग्राफी।
2. सिंह बी.एन. (1984) एग्रीकल्चरल लैण्ड यूज न तहसील देवरिया ऑफ उत्तर प्रदेश।
3. सिंह श्रीनाथ (1976) मॉडनाईजेशन ऑफ एग्रीकल्चरल: ए केस स्टडी ऑफ उत्तरप्रदेश।
4. सिंह सुरेन्द्र (1994) एन एग्रीकल्चरल डवलपमेंट इन इण्डिा: ए रीजनल, एनेलिसिसविशाल पब्लिकेशन्स, कुरुक्षेत्र।
5. सिंह वी. आर. (1970) लैण्ड कैनेबिलटी: ए मैथड ऑफ क्लासिफिकेशन।
6. सिंह जे. (1974) एन एग्रीकल्चरल एटलस ऑफ हरियाणा।
7. सिंह जे. (1976) एन एग्रीकल्चरल ज्योग्राफी ऑफ हरियाणा।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

फुटबॉल खेल का खिलाड़ी के कौशल और शारीरिक विकास में योगदान

डॉ. अनुराग बिस्सू* पुनम राम जाट**

* सहायक आचार्य (शारीरिक शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.)भारत
** पी.एच.डी. शोधार्थी, टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

प्रस्तावित शोध की भूमिका – फुटबॉल की फिटनेस मांग पिछले दस से पंद्रह वर्षों में नाटकीय रूप से बदल गई है क्योंकि खेल की प्रकृति बदल गई है। खेल की तीव्रता, जिसमें हर कीमत पर दौड़ने और खेलने पर जोर दिया गया है, ने खिलाड़ियों की शारीरिक कंडीशनिंग पर अधिक ध्यान देना आवश्यक बना दिया है।

फुटबॉल खिलाड़ी आज प्रति गेम 15 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर सकते हैं, पांच से तीस मीटर की दूरी पर कई छोटे उच्च तीव्रता वाले स्प्रिंट प्रयास कर सकते हैं। दौड़ने के अलावा, खिलाड़ी को किकिंग, मार्किंग, टैकलिंग और जंपिंग जैसी विभिन्न शारीरिक गतिविधियाँ भी करनी चाहिए। ये क्रियाएं और खेल की चल रही प्रकृति खिलाड़ियों को कई महत्वपूर्ण फिटनेस विशेषताओं को विकसित करने की मांग करती है। फुटबॉल में भाग लेने के लिए एक खिलाड़ी को फिटनेस के निम्नलिखित घटकों में से प्रत्येक में पर्याप्त स्तर तक पहुंचना चाहिए: गति, चपलता, फुर्ती, धीरज, शक्ति, लचीलापन और ताकत।

हालांकि, फिटनेस प्रत्येक खिलाड़ी के लिए विशिष्ट है और व्यक्ति को यह आकलन करना चाहिए कि क्या वे खेल की सामान्य मांगों और खेल की स्थिति की विशिष्ट मांगों को पूरा करते हैं। विभिन्न खेल स्थितियों की विशिष्ट मांगों के लिए आवश्यक है कि सफल प्रदर्शन के लिए इनमें से एक या अधिक फिटनेस घटकों को विकसित करने की आवश्यकता हो। उदाहरण के लिए, एक मिडफील्डर को एक सेट पोजीशन प्लेयर की तुलना में एक गेम में अधिक दूरी तय करने की आवश्यकता होती है और इसके परिणामस्वरूप उसकी तैयारी में सहनशक्ति के लिए अधिक क्षमता विकसित करने की आवश्यकता होती है। पश्चिमी देशों में फुटबॉल खिलाड़ियों की शारीरिक फिटनेस आवश्यकताओं पर काफी मात्रा में शोध किए जाते हैं। व्यक्तिगत फुटबॉल खिलाड़ियों के फिटनेस स्तर का अध्ययन करने वाले शोधकर्ताओं ने बताया है कि सबसे अच्छी और सबसे खराब टीमों के बीच धीरज (अधिकतम O2 तेज, 13% अंतर) और लेग एक्स्टेंसर ताकत (1 –RM स्क्वाट, 22% अंतर) में महत्वपूर्ण अंतर है। नॉर्वेजियन अभिजात वर्ग विभाजन पाया गया, विस्लोफ एट अल। (1998)।

हालाँकि, अर्नासन एट अल द्वारा पाया गया एकमात्र अंतर। (2004) अपने अध्ययन में डिवीजनों के बीच टीम के औसत की तुलना करते हुए, यह था कि एलीट डिवीजन की टीमें पहले डिवीजन की तुलना में लंबी थीं। अर्नासन एट अल के अनुसार, यदि टीम के औसत के बजाय खिलाड़ियों के व्यक्तिगत परीक्षण परिणामों की तुलना की जाती है, तो प्रथम श्रेणी की तुलना में कुलीन खिलाड़ियों के बीच शिखर 2 अपटेक भी 2.4% अधिक पाया गया।

शोधकर्ताओं ने बताया है कि विभिन्न खेल स्थितियों के बीच तुलना से पता चलता है कि गोलकीपरों में आउटफील्ड खिलाड़ियों की अलग–अलग विशेषताएं थीं, इन खिलाड़ी समूहों के बीच आवश्यकताओं में अंतर का प्रतिबिंब। शोधकर्ताओं ने आगे कहा है कि डेविस एट अल के अनुसार। (1992), गोल कीपर्स के पास ओ2 का निचला शिखर होता है, जो दर्शाता है कि दौड़ने की क्षमता उनके लिए कम महत्वपूर्ण है और वे आउटफील्ड खिलाड़ियों की तुलना में लम्बे और भारी थे, और एक अधिक पैर विस्तार शक्ति प्रदर्शित करते थे। क्योंकि गोलकीपर के महत्वपूर्ण कार्य प्रतिक्रिया करना और तेज़ी से आगे बढ़ना, शॉट को बचाने या विक्षेपित करने के लिए कूदना या गोता लगाना और एक बड़ी परिधि को कवर करना है, शोधकर्ताओं ने भी कूदने की क्षमता के लिए अंतर खोजने की उम्मीद की। शोधकर्ताओं के अनुसार, उन्होंने आउटफील्ड खिलाड़ियों, डिफेंडर, मिडफील्डर और स्ट्राइकर के तीन समूहों के बीच बहुत कम अंतर देखा था। डिफेंडर मिडफ़ील्ड खिलाड़ियों की तुलना में काफी लम्बे थे, जिसे एक संकेत के रूप में लिया जा सकता है कि आकार इस स्थिति में एक फायदा है – अपनी रक्षात्मक भूमिका में उच्च गेंदों तक पहुंचने में सक्षम होने के लिए और शायद युगल से निपटने में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए भी। उन्हें मिडफ़ील्ड खिलाड़ियों और स्ट्राइकर या डिफेंडरों के बीच चरम O2 तेज में कोई अंतर नहीं मिला, जैसा कि पहले के अन्य शोधकर्ताओं द्वारा सुझाया गया है। अर्नासन एट अल, (2004) द्वारा विभिन्न खिलाड़ी स्थितियों में खिलाड़ियों के बीच शारीरिक फिटनेस में देखा गया छोटा अंतर शायद आश्चर्यजनक नहीं है, क्योंकि आधुनिक फुटबॉल में प्रत्येक आउटफील्ड खिलाड़ी टीम के समग्र खेल में एक बड़ी भूमिका निभाता है, इसलिए स्थितिगत अंतर पहले देखे गए की तुलना में कम हैं।

अंत में, गोलकीपरों के पास अन्य खिलाड़ी पदों से एक अलग किराया फिटनेस प्रोफ़ाइल दिखाई दी, जबकि आउटफील्ड खिलाड़ियों के तीन समूह परीक्षणों में उनके प्रदर्शन में समान थे। शोधकर्ताओं का निष्कर्ष है कि शारीरिक फिटनेस परीक्षणों से टीम के प्रदर्शन की भविष्यवाणी करने की उनकी सीमित क्षमता बताती है कि अन्य कारक अधिक महत्वपूर्ण हो सकते हैं, जैसे खिलाड़ी तकनीक, टीम रणनीति, मनोवैज्ञानिक कारक या चोटें।

प्रस्तावित शोध के सोपान – फुटबॉल की शारीरिक मांग कई व्यक्तिगत खेलों की तुलना में अधिक जटिल है क्योंकि खिलाड़ियों को मैराथन धावक

और स्प्रिंटर्स दोनों की कुछ शारीरिक विशेषताओं की आवश्यकता होती है। फुटबॉल में, गति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है; खेल की त्वरित गति एक टीम में प्रत्येक सदस्य द्वारा विशिष्ट आंदोलनों के तेजी से निष्पादन की मांग करती है। खिलाड़ियों की मांग प्रदर्शन के स्तर, स्थिति की भूमिका और एक टीम द्वारा शामिल खेल की शैली के आधार पर भिन्न होती है। एक मैच के दौरान सभी स्तरों पर खिलाड़ियों पर रखी गई विभिन्न मांगों में शामिल हैं, शॉर्ट स्प्रिंट, धीमी जॉगिंग, पैदल चलना, पीछे की ओर दौड़ना, बग़ल में और तिरछे दौड़ना, तेज और धीमा करना, कूदना, टैकल करना, लात मारना, दिशा बदलना, कब्जे के लिए लड़ना, ठीक होने की क्षमता तेज़ी से। नतीजतन, विभिन्न घटक जो एक खिलाड़ी की समग्र फिटनेस के साथ-साथ शरीर के भीतर उनकी ऊर्जा प्रणालियों को बनाते हैं (ऐसी प्रणालियां जो ऑक्सीजन के साथ या बिना ऊर्जा का उत्पादन करती हैं) को विभिन्न डिग्री के तनाव में डाल दिया जाता है, इसलिए इसकी आवश्यकता है ताकि उनका समुचित विकास हो सके।

प्रस्तावित शोध का महत्त्व:

1. सामान्य शब्दों में, फुटबॉल खिलाड़ियों की फिटनेस को अक्सर चार S's, अर्थात, स्ट्रेंथ से बने होने के रूप में संदर्भित किया जाता है, जो कई फुटबॉल खिलाड़ियों के प्रदर्शन और निष्पादन को बढ़ाता है। प्रत्येक कौशल जो एक खिलाड़ी को प्रतिरोध के खिलाफ प्रदर्शन करना चाहिए, वह ताकत के सुधार से लाभान्वित होगा।
2. गति, जो न केवल त्वरित स्प्रिंट के बारे में सभी गति का काम है, बल्कि अक्सर कुछ सेकंड से अधिक समय तक चलने वाले केंद्रित गहन मंत्र शामिल होते हैं, जैसे फुलबैक एक ओवरलैपिंग रन बनाते हैं, फिर रक्षात्मक स्थिति में आने के लिए वापस दौड़ते हैं।
3. सहनशक्ति, वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चला है कि फुटबॉल खिलाड़ियों में एरोबिक (ऑक्सीजन के साथ) धीरज बढ़ाने से खेल के दौरान तय की गई दूरी, काम की तीव्रता और गेंद के साथ शामिल स्प्रिंट और एपिसोड की संख्या को बढ़ाकर उनके प्रदर्शन में सुधार किया जा सकता है।
4. कोमलता (या लचीलापन)। फुटबॉल खिलाड़ियों के लचीलेपन की आवश्यकताएं खिलाड़ी की स्थिति और भूमिका के आधार पर उसी तरह भिन्न होती हैं जैसे यह खेल के बीच भिन्न होती है। संतुलन और नियंत्रण बनाए रखने के लिए सशक्त संकुचन को बनाए रखने की क्षमता भी महत्वपूर्ण है। फिसलन वाली पिच पर खिलाड़ी के संतुलन को बनाए रखने और गेंद पर नियंत्रण में योगदान देने के लिए आइसोमेट्रिक ताकत संभवत: महत्वपूर्ण है। कौशल और क्षमता केवल एक खिलाड़ी को इतनी दूर तक ले जा सकती है, जब तक कि ताकत, गति, सहनशक्ति और लचीलापन जैसी अमूर्त चीजों की गंभीर रूप से आवश्यकता न हो। अगर कोई खिलाड़ी तेज, मजबूत और बेहतर फिट डिफेंडर के खिलाफ इसे नहीं उतार सकता है तो एक अच्छा शॉट होने से कोई फायदा नहीं होता है। ये प्रमुख विशेषताएं सीमांत खिलाड़ियों को अच्छे खिलाड़ियों में और अच्छे खिलाड़ियों को महान खिलाड़ियों में बदल देती हैं।

प्रस्तावित शोध के उद्देश्य:

1. चयनित फुटबॉल कौशल में प्रदर्शन सांख्यिकीय रूप से कॉलेज स्तर के फुटबॉल खिलाड़ियों की शारीरिक फिटनेस क्षमताओं के साथ महत्वपूर्ण रूप से सहसंबद्ध पाया जाता है।
2. कॉलेज स्तर के फुटबॉल खिलाड़ियों की खेलने की क्षमता सांख्यिकीय रूप से कॉलेज स्तर के फुटबॉल खिलाड़ियों की शारीरिक फिटनेस क्षमताओं के साथ महत्वपूर्ण रूप से सम्बन्धित होती है।
3. कॉलेज स्तर के फुटबॉल खिलाड़ियों की खेलने की क्षमता सांख्यिकीय रूप से कॉलेज स्तर के फुटबॉल खिलाड़ियों के चयनित फुटबॉल कौशल के साथ सम्बन्धित होती है।

प्रस्तावित शोध का निष्कर्ष – खिलाड़ियों की मांग प्रदर्शन के स्तर, स्थिति की भूमिका और एक टीम द्वारा शामिल खेल की शैली के आधार पर भिन्न होती है। एक मैच के दौरान सभी स्तरों पर खिलाड़ियों पर रखी गई विभिन्न मांगों में शामिल हैं, शॉर्ट स्प्रिंट, धीमी जॉगिंग, पैदल चलना, पीछे की ओर दौड़ना, बग़ल में और तिरछे दौड़ना, तेज और धीमा करना, कूदना, टैकल करना, लात मारना, दिशा बदलना, कब्जे के लिए लड़ना, ठीक होने की क्षमता तेज़ी से। नतीजतन, विभिन्न घटक जो एक खिलाड़ी की समग्र फिटनेस के साथ-साथ शरीर के भीतर उनकी ऊर्जा प्रणालियों को बनाते हैं (ऐसी प्रणालियां जो ऑक्सीजन के साथ या बिना ऊर्जा का उत्पादन करती हैं) को विभिन्न डिग्री के तनाव में डाल दिया जाता है, इसलिए इसकी आवश्यकता है ताकि उनका समुचित विकास हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. बाला सुमन: बास्केटबॉल के चयनित विशिष्ट गति सहनशक्ति परीक्षण का संशोधन और मूल्यांकन, अप्रकाशित डॉक्टरेट थीसिस, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर। (2000)
2. बाल्सोम, पी. फुटबॉल में स्प्रिंट प्रदर्शन: साइंस एंड सॉकर, III, लंदन: ई एंड एफएन स्पॉन। :16 -19 (1994)। बैंग्सबो, जे. और एल माइकलसिक। कुलीन फुटबॉल खिलाड़ियों की शारीरिक क्षमता का आकलन। में: विज्ञान और सॉकर IV। डब्ल्यू. स्पिंक्स, टी. रेली, और ए. मर्फी (सं.). लंदन: रूटलेज, 53-62. (2002)
3. बैंग्सबो, जे.एल. और एफ. लिंडक्विस्ट: पेशेवर खिलाड़ियों में सॉकर के दौरान धीरज प्रदर्शन के साथ विभिन्न व्यायाम परीक्षणों की तुलना। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन 13:125- 132, (1992)
4. बैंग्सबो, जे. एल. नोरेगार्ड, और एफ. थोरसो: प्रतियोगिता सॉकर की गतिविधि प्रोफ़ाइल, कैनेडियन जर्नल स्पोर्ट साइंस, 16:110-116, (1991)
5. बैंग्सबो, जे. फुटबॉल में शारीरिक कंडीशनिंग प्रशिक्षण: एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण, कोपेनहेगन, डेनमार्क: कोपेनहेगन विश्वविद्यालय (1994)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

राजस्थान के खिलाड़ियों का एथलीट खेलों में योगदान

डॉ. अनुराग बिस्सू* रितु गोदारा**

* सहायक आचार्य (शारीरिक शिक्षा) टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.)भारत
** पी.एच.डी. शोधार्थी, टांटिया विश्वविद्यालय, श्री गंगानगर (राज.) भारत

प्रस्तावित शोध की भूमिका – पिछले कुछ दशकों के दौरान एथलेटिक प्रदर्शन के मानक में उल्लेखनीय सुधार एक अद्धितीय जैविक घटना का प्रतिनिधित्व करता है। एक दशक पहले भी यह कल्पना नहीं की जा सकती थी कि पहले से स्थापित कुछ एथलेटिक रिकॉर्डों को इस तरह से सुधारा जा सकता है।

समय की छोटी अवधि। प्रशिक्षण विधियों, तकनीकों और उपकरणों, उपकरणों के ट्रैक और विभिन्न अन्य सहयोगियों में अभूतपूर्व प्रगति के अलावा, जो विश्वस्तर के एथलीट को आकार देने में योगदान करते हैं, आनुवंशिक रूप से संपन्न मानव क्षमता अंतिम परिणाम में एक महान भूमिका निभाती है, बाकी सब समान है। हालांकि, आनुवंशिकी के क्षेत्र में आनुवंशिक कारक की प्रकृति, एक स्पष्ट तस्वीर जल्द ही सामने आ सकती है। विशिष्ट खेल के आधार पर विशिष्ट खेल में संभावित एथलीटों की खोज और चयन, कई विकसित देशों में दिनचर्या का विषय है। विडंबना यह है कि भारत में इस पहलू पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया। नतीजतन, एथलीटों का चयन मुख्य रूप से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन के आधार पर 'उपलब्धापूल' से किया जाता है। अक्सर यह भुला दिया जाता है कि इस तरह की प्रतिभाएं पहले से ही अपने चरम प्रदर्शन पर पहुंच चुकी हैं और गहन संवारने के कार्यक्रम के दौरान और शानदार सुधार की बहुत कम गुंजाइश है। इसलिए, भारतीय एथलीटों के चयन के तरीके में सुधार के लिए हमारे देश के विशेषज्ञों द्धारा नए सिरे से विचार करने की आवश्यकता है। उन्हें बहुत कम उम्र में पहचानने की जरूरत है।

आज, पूरी दुनिया में, भौतिक शिक्षकों और प्रशिक्षकों को वैज्ञानिक तरीके से समस्याओं को संभालने में अपनी सबसे बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है यानी अपने खिलाड़ियों को वैज्ञानिक और शैक्षणिक दृष्टिकोण के आधार पर उचित और प्रगतिशील दिशा निर्देश देना जिससे वांछित परिणाम मिल सकें। विज्ञान, दोनों शारीरिक और शारीरिक, को अंतर्निहित प्रतिभाशाली और संभावित एथलीटों के सर्वोत्ताम साधानों में से एक के रूप में मान्यता दी गई है, वहां तैयार करना और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में उनकी मदद करना।

शारीरिक शिक्षकों, प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों के लिए शारीरिक विशेषताओं और व्यायाम के शरीर विज्ञान की समझ तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही है, जब हर एक की समझ बढ़ती है, परीक्षण और प्रतियोगिता के लिए उच्चस्तरीय खिलाड़ियों को तैयार करने में त्रुटि पद्धति और अनुमान लगाने का आवेदन पर्याप्त से कम हो जाता है।

पिछले कई दशकों में भविष्यवाद या भविष्यवादी नामक अध्ययन के एक क्षेत्र का उदय देखा गया है, जो वैज्ञानिक रूप से भविष्य की जांच करने का एक प्रयास है। खेलों में, लोगों ने प्रतियोगिता के दौरान व्यक्तियों की सफलता की भविष्यवाणी करने की कोशिश की है। भविष्यवाणी आमतौर पर मानवशास्त्रीय, शारीरिक और शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कारकों पर आधारित होती है।

इसके अलावा, कुछ समय अगर किसी व्यक्ति ने किसी घटना में भाग लिया और प्रतियोगिता जीत ली है, ता वह बिना किसी मार्गदर्शन या निर्देश के उस घटना में विशेषज्ञता हासिल कर सकता है। यह अधिकांश खेल आयोजनों पर लागू हो सकता है, हालांकि, बाद के चरणा में, यदि वह उस खेल के लिए कुछ बुनियादी पूवपिक्षाओं की कमी के कारण सफल नहीं होता है, तो उसके लिए किसी भी खेल में स्विच करना लगभग असंभव हो सकता है। एक अन्य घटना जो देर से अवस्था में उसकी अंतर्निहित शारीरिक क्षमताओं के अनुकूल होती है। इन परिस्थितियों में प्रशिक्षण व्यय, समय प्रबंधन और मानव शक्ति के प्रयासों को उच्चतम प्रतिस्पर्धा में सफलता नहीं मिल सकती है। फिर भी, इस संबंध में खिलाड़ी का चयन आमतौर पर एक जटिल प्रक्रिया है क्योंकि किसी दी गइ स्थिति में प्रदर्शन को प्रभावित करने वाले कुछ कारक दूसरों को प्रभावित कर सकते हैं।

एक एथलीट का प्रदर्शन काफी हद तक कई गुटों पर निर्भर करता है। कौशल और शारीरिक स्थिति भी एक प्रमुख भूमिका निभाती है लेकिन शारीरिक, खेल के अनुभव जैसी विशेषताओं का अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। भारत में एथलेटिक्स अभी शैशवावस्था में है। इसे विश्व स्तर तक पहुंचने के लिए एक लंबा रास्ता तय करना होगा। कार्यक्रमों की उचित योजना और कार्यान्वयन होना चाहिए और कार्यान्वित कार्यक्रमों का समय-समय पर मूल्यांकन किया जाना चाहिए ताकि सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त किए जा सकें। उपरोक्त दिशा में आग बढ़ने के लिए एथलीटों पर निरंतर शोध होना चाहिए। एथलेटिक शारीरिक फिटनेस घटकों का एक प्रयास है। एथलीटों को अन्य सभी खेलों के लिए शारीरिक रूप से फिट होना चाहिए। एक ओर शारीरिक फिटनेस और दूसरी ओर मनोवैज्ञानिक पूर्वा पेक्षाएँ, खिलाड़ियों के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण संतुलन हैं।

प्रस्तावित शोध के सोपान – आम तौर पर, उचित मार्गदर्शन के बिना किसी खेल या आयोजन में भाग लेने वाले व्यक्ति के पास इस बात की बहुत अधिक संभावना होती है कि उसकी पसंद का खेल उसकी रुचि क्षमताओं के लिए उपयुक्त हो सकता है। इसलिए, अधिकांश मामलों में चैंपियन बनने

में विफलता अपरिहार्य है। इस प्रकार ऐसी उपयुक्त विशेषताओं से संपन्न लोगों को मार्गदर्शन प्रदान करने की तत्काल आवश्यकता है जो किसी खेल या घटना में प्रदर्शन का आधार बनते हैं। यह सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक हो सकता है जो अधिकांश देशों में खेल के स्तर को उपर उठाने में मदद कर सकता है।

खेल सुविधाओं, प्रशिक्षण विधियों और तकनीकों में जबरदस्त प्रगति के बावजूद, शारीरिक शिक्षकों और प्रशिक्षकों को अभी भी विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

ट्रैक और फील्ड कोच का सामना करना पहला और सबसे महत्वपूर्ण काम, जब वह सीजन की शुरुआत में अपने युवा संभावित को इकट्ठा करता है, तो उपयुक्त व्यक्तियों का पता लगाना होता है, जिसमें जन्मजात और अर्जित दोनों तरह के गुण होते हैं जो उसे एक विशेष में एक अच्छा एथलीट बनाते हैं। वैज्ञानिक और व्यवस्थित प्रशिक्षण के साथ नियत समय में घटना।

प्रस्तावित शोध का महत्व :

1. अध्ययन के परिणाम चयन मानदंड, एथलीटों के प्रशिक्षण और प्रदर्शन से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं में सुधार करने में सहायक होते हैं।
2. यह अध्ययन विश्वविद्यालय स्तर पर बेहतर परिणामों के लिए भविष्य के कार्यक्रमों की योजना और आयोजन में प्रशिक्षकों और शारीरिक शिक्षा शिक्षकों के लिए मार्गदर्शन का स्रोत होता है।
3. अध्ययन के निष्कर्ष शारीरिक शिक्षा और सामान्य रूप से खेल और विशेष रूप से एथलेटिक्स में अनुसंधान के क्षेत्र में एक नया ज्ञान जोड़ दिया गया हैं।
4. यह अध्ययन प्रशिक्षकों, प्रशिक्षकों और शारीरिक शिक्षा शिक्षकों के लिए उनकी विश्वविद्यालय एथलेटिक्स टीमों को तैयार करने के लिए उपयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करने के लिए मूल्यवान होता है।
5. अध्ययन के निष्कर्षों से प्रशिक्षकों, प्रशिक्षकों और एथलीटों को यह जानने में मदद मिल सकती है कि वे अन्य विश्वविद्यालयों के अपने समकक्षों की तुलना में जिस जगह खड़े हैं यह मालुम हो जाता है।

प्रस्तावित शोध के उद्देश्य:

1. ऐसे खिलाड़ी हैं जो कार्यान्वयन के साथ तकनीक का प्रदर्शन करने में सक्षम हैं, वे वास्तविक प्रतिस्पर्धा बढ़ाने में सहायक होते है।
2. तकनीक विकसित करने के लिए प्रयोज्यता के सिद्धांत को ध्यान में रखना हमेशा महत्वपूर्ण होता है।
3. तकनीकी ज्ञान इस तरह से प्राप्त किया जाना चाहिए कि एथलीट स्वचालित रूप से और स्वाभाविक रूप से वास्तविक प्रतिस्पर्धी स्थिति में इसका उपयोग करेगा।
4. आधुनिक ओलंपिक के संस्थापक बैरनपियरे डीकौ बर्टिन ने उद्धृत किया है, यह एक सत्यवाद है कि यह जीत नहीं है बल्कि भागीदारी अधिक महत्वपूर्ण है।

प्रस्तावित शोध का निष्कर्ष – हम यहां तर्क देते हैं कि इन आंकड़ों के बारे में हमारी समझ में सुधार होता है कि कैसे, बायोमेकेनिकल रूप से, चयापचय शक्ति एथलेटिक प्रदर्शन से संबंधित है। पहले के अध्ययनों के अनुरूप, हमारे विश्लेषण से पता चला है कि दौड़ने की घटनाओं की तुलना में धीरज की घटनाओं के लिए उम्र के साथ दौड़ने की गति में गिरावट आती है, जो पूर्व के अध्ययनों की पुष्टि करता है। हालांकि, चल रहे विश्व रिकॉर्ड हासिल करने के लिए आवश्यक चयापचय शक्ति का आकलन करते समय, स्प्रिंट और धीरज की घटनाओं ने विभिन्न घटनाओं में उम्र के साथ अपेक्षाकृत समान गिरावट दिखाई। इस अध्ययन ने पूर्व में परस्पर विरोधी वैज्ञानिक परिणामों को समेट लिया है और उम्र बढ़ने की प्रक्रिया के बारे में हमारी समझ में सुधार किया है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि शासी तंत्र क्या हैं जो हमारे शरीर में विभिन्न प्रणालियों का कारण बनते हैं, जो दौड़ने और धीरज प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार होते हैं, जो उल्लेखनीय रूप से एक समान तरीके से उम्र बढ़ने से प्रभावित होते हैं।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. एसवी एलन, डब्ल्यूजी हॉपकिंस।'एलीट एथलीटों के शिखर प्रतिस्पर्धात्मक प्रदर्शन की आयु- एक व्यवस्थित समीक्षा'। स्पोर्ट्स मेड। 2015 अक्टूबर; 45 (10): पीपी1431-1441
2 एल पीटर 1, सीए रस्ट 1, बी नेचटल 1, टी रोजमैन 1, आर लेपर्स 2 24-घंटे अल्ट्रा-मैराथन प्रदर्शन में सेक्स अंतर - 1977 से 2012 तक एक पूर्वव्यापी डेटा विश्लेषण।क्लीनिक (साओ पाउलो)। 2014 जनवरी;69(1):38-46
3 एस उल्समर, सीए रस्ट, टी रोजमैन, आर लेपर्स, बी नेचटल। लंबी दूरी के ओपन-वाटर इवेंट्स में वेटसूट के साथ और बिना स्विमिंग प्रदर्शन। बीएमसी खेल विज्ञान, चिकित्सा पुनर्वास। 2014 मई 21;6:20
4 डॉ. एन.आर. रामकुमार 'चेन्नई क्षेत्र में स्कूली छात्रों के ट्रैक और फील्ड प्रदर्शन का विश्लेषण' एशिया पैसिफिक जर्नल ऑफ रिसर्च वॉल्यूम: आई इश्यू अ, जुलाई 2014, पी 49
5 बी हैनली 'विश्व स्तरीय रेस वॉकर्स के पेसिंग प्रोफाइल का विश्लेषण। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ स्पोर्ट्स फिजियोलॉजी एंड परफॉर्मेंस'। 2013 जुलाई;8 (4):435-441

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
July to September 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLIII

प्राचीन भारत में शिक्षा का विकास

डॉ. नीलम सोनी*

* असि0 प्रो0 (इतिहास) राम सहाय राजकीय महाविद्यालय, बैरी, शिवराजपुर कानपुर (उ.प्र.) भारत

शोध सारांश – एषां न विद्या न तपो न दानम्
ज्ञानम् न शीलमन गुणो न धमर्रूत्यु लोके भुवि तार भूता ।

उक्त श्लोक का अर्थ है कि मनुष्य को मनुष्य बनाने वाले तत्वों में विद्या प्रथम तत्व है। सत्य ही कहा गया है कि विद्या विनय प्रदान करती है, विनय से पालता (निपुणता आती है। पात्रता से व्यक्ति धन प्राप्त करता है धन से धर्म तथा अन्ततोगत्वा सुख की प्राप्ति होती है। मानव द्धारा शिक्षा प्राप्त करने का प्रमुख उद्देश्य यह था कि वह अपनी शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक शक्तियों का विकास कर इस संसार में और परलोक में जीवन के वास्तविक सुख को प्राप्त कर सकता था ऐसा माना जाता था कि शिक्षा का अन्तिम ध्येय सांसारिक प्रलोभनों से मुक्त होकर वास्तविक सत्य की खोज करना था। जिससे मोक्ष की प्राप्ति हो सके। आश्रम में रहकर विद्यार्थी ज्ञान प्राप्त करने के साथ चरित्र का निर्माण करता था तथा समाज के लिये उपयोगी बनता था गृह एवं समाज के प्रति अपने उत्तारदायित्वों का निर्वहन करता था गायत्री मंत्र से शिक्षा का आरंभ माना जाता था। ब्रम्हाचर्य में तपरियों जैसा सादा कठोर जीवन व्यतीत करके वह ऐसे चरित्र का निर्माण करता था कि संसार का प्रलोभन उसे नष्ट न कर दे। विद्यार्थी नैतिक व आध्यात्मिक शिक्षा प्राप्त करता था। जिसके द्धारा यह समाज के प्रति अपने कर्तव्यों की पूर्ति सफलता पूर्वक कर सके।

धर्म सूत्रों में उल्लेख मिलता है कि माता ही बच्चे की श्रेष्ठ गुरू है। शिक्षा मन्दिर, आश्रमों और गुरुकुलों में ही दी जाती थी। जैसे-जैसे समय बदला शिक्षा का स्वरूप भी बदलने लगा। वैदिक काल में परिषद शाखा और चरण जैसे संघो की स्थापना हो गयी लेकिन व्यवस्थित शिक्षण संस्थाए सार्वजनिक स्तर पर बौद्धों द्धारा प्रारम्भ की गई। गुरूकुलो की स्थापना प्राय: वनो, उपवनो तथा ग्रामो या नगरों में दी जाती थी। दर्शनिक आचार्य, निर्जन वनों में चिन्तन पसन्द करते थे गुरुकुलों में दर्शन के साथ व्याकरण, ज्योतिष तथा नागरिक शास्त्र भी पढ़ाये जाते थे। प्राचीन काल के शिक्षा केन्द्रो में तक्षशिला, पाटलिपुत्र, कान्यकुब्ज मिथिला, धारा, तन्जौर आदि प्रसिद्ध है।

प्रस्तावना – प्राचीन काल से ही भारतीय समाज में शिक्षा अथवा विद्या का स्वरूप अत्यन्त ज्ञान परक, सुव्यवस्थित और सुनियोजित था शिक्षा को ही प्रकाश और शक्ति का स्रोत समझा जाता था। भारत की सभ्यता विश्व की सर्वाधिक रोचक तथा महत्वपूर्ण सभ्यताओं मे से एक है। भारतीय जनमानस ने हमेशा ही ज्ञान को सर्वोपरि माना है। सुभाषित रत्नसंदोह में कहा गया है कि ज्ञान मनुष्य का तीसरा नेत्र है जो उसे समस्त तत्वों के मूल को जानने में सहायता करता है तथा सही कार्यो को करने की विधि बताता है। महाभारत में भी विद्या के बारे में वर्णन किया गया है कि विद्या के समान नेत्र तथा सत्य के समान कोई दूसरा तप नही है इसे मोक्ष का साधन माना गया है। शिक्षा के द्धारा ही मनुष्य और समाज का आध्यात्मिक और बौद्धिक उत्कर्ष शिक्षा के ही माध्यम से सम्भव माना जाता रहा है ऋगवेद कालीन समाज में भी भौतिक की अपेक्षा बौद्धिक ज्ञान को अत्यधिक महत्व दिया गया भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति में हमें अनौपचारिक तथा औपचारिक दोनो प्रकार के शैक्षणिक केन्द्रो के उल्लेख प्राप्त होते है। औपचारिक शिक्षा मन्दिर, आश्रमों और गुरूकुलों के माध्यम से दी जाती थी ये ही उच्च शिक्षा के केन्द्र भी थे जब कि परिवार, पुरोहित, पण्डित, सन्यासी आदि के माध्यम से अनौपचारिक शिक्षा प्राप्त होती थी ऋगवैदिक अथवा पूर्ववैदिक काल में शिक्षा का मुख्य पाठ्यक्रम वैदिक साहित्य का अध्ययन ही था। ऋचाओं के अतिरिक्त, इतिहास,पुराण तथा गाथायें एवं खगोल विद्या, ज्यामितिय छंद शास्त्र आदि भी अध्ययन के विषय थे वैदिक साहित्य का अध्ययन नौ या दस वर्ष की अवस्था में प्रारम्भ होता था यही समय उपनयन का भी होता था उत्तर वैदिक युग में ब्राम्हण ग्रन्थ लिखे गये ये शिक्षा के विषय बन गये उपनिषद तथा सूत्रों के युग मे वैदिक ग्रन्थों में मंत्रों के शुद्ध उच्चारण पर बल दिया गया। धर्मसूत्रों में इस बात का उल्लेख है कि माता ही बच्चे की श्रेष्ठ गुरू है। समय के साथ-साथ शिक्षा में भी विकास होता गया। जैसे-जैसे सामाजिक विकास हुआ वैसे ही शैक्षणिक संस्थाए स्थापित होने लगी। गुरूकुलों की स्थापना प्राय:वनो, उपवनों तथा ग्रामों या नगरों में की जाती थी अधिकतर दार्शनिक आचार्य निर्जन वनों में निवास अध्ययन तथा चिन्तन पसन्द करते थे वाल्मीकि, सन्दीपनि, कण्व आदि ऋषियों के आश्रम वनों मे ही स्थित थे और इनके यहॉ दर्शन शास्त्रों के साथ-साथ व्याकरण ज्योतिष तथा नागरिक शास्त्र भी पढ़ाये जाते थे। प्राचीन शिक्षा पद्धति में विद्यार्थी के बौद्धिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास का भी पूरा ध्यान रखा जाता था हमारे मनीषियों का मानना था कि स्वस्थ मस्तिष्क का विकास स्वस्थ्य शरीर में होता है। ज्ञान के द्धारा ही विद्यार्थी में आत्मसम्मान, आत्मविश्वास,आत्म-संयम विवेक शक्ति,न्याय,शक्तिगुणों आदि का उदय होता है। शिक्षा से ही विद्यार्थी में नागरिक तथा सामाजिक कर्तव्यों का ज्ञान होता है। इस प्रकार आचार्य

विद्यार्थी को उसके सभी सामाजिक ग्रन्थों का बोध करा देता था अध्यनोपरान्त वह गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने के बाद वह अपने आचार्य द्वारा बताये मार्ग का अनुसरण करता था।वैदिक साहित्य के अध्ययन को सरल बनाने के निमित्त छ: वेदांगो की रचना हुई–शिक्षा कल्प, व्याकरण निरूक्त छन्द तथा ज्योतिष।सूत्र युग के अन्त तक आते–आते वैदिक साहित्य का अध्ययन कम हो गया उसके स्थान पर अन्य विषयों का समावेश पाठ्यक्रम में कर लिया गया। विभिन्न व्यवसायों तथा शिल्पों की शिक्षा का भी प्रबन्ध किया गया इस युग के स्नातक वेदों तथा 18 शिल्पों में निपुण होते थें। 18 शिल्प निम्नलिखित थे– गायन, वादन, चित्रकला, गणित, नृत्य, गणना, यंत्र, मूर्तिकला, कृषि पशुपालन, वाणिज्य, चिकित्सा, विधि, प्रशासनिक प्रशिक्षण, धर्म, विद्या तथा सैनिक शिक्षा जादूगरी आदि। वात्स्यायन के कामसूत्र में 64 कलाओं का उल्लेख मिलता है जिसका अध्ययन सुसंस्कृत महिला के लिये अनिवार्य बताया गया है। प्राचीन काल में सभ्यता के विकास के साथ–2 लेखन उपकरण में भी परिवर्तन देखने को मिलता है। वैदिक युग में मौखिक शिक्षा प्रदान की जाती थी उसके बाद लेखन उपकरण का प्रयोग किया जाने लगा जिसमें भोजपत्र कमलपत्र आदि प्रमुख थे जिस पर मयूरपंख से लिखा जाता था इसके बाद छात्र को काली पट्टिया और खड़िया दी जाती थी। बालक की सुनियोजित शिक्षा का प्रारम्भ ब्रम्हचर्य आश्रम में उपनयन संस्कार के साथ होता था। जिसमें ब्रम्हाचारी को एक नये जीवन में दीक्षित करता था जिसे द्वितीय जन्म कहा गया और ब्रम्हचारी को द्विज प्राचीन काल के शिक्षा केन्द्रो में तक्षशिला, पाटलिपुत्र, कान्यकुब्ज, मिथिला धारा तन्जौर आदि प्रसिद्ध है। ईसा की दूसरी शताब्दी के लगभग मठ शिक्षा के महत्वपूर्ण केन्द्र बन गये। सार्वजनिक शिक्षण संस्थायें सर्वप्रथम बौद्ध विहारों में स्थापित हुयी। भगवान बुद्ध ने उपासकों की शिक्षा– दीक्षा पर अत्यधिक बल दिया प्राचीन भारत में जिस शिक्षा का निर्माण किया गया वह विश्व की शिक्षा व्यवस्था से ज्यादा सर्वोत्कृष्ठ थी। वल्लभी हीनयान बौद्ध धर्म की शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था यहा भारत के विभिन्न भागों से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते थे। यह उच्च शिक्षा का केन्द्र था। इत्सिंग हमें बताता है कि सभी देशों के विद्वान यहां एकत्र होते थे बौद्ध धर्म के साथ–साथ यहां न्याय विधि, वार्ता, साहित्य आदि विषयों की उच्च शिक्षा की भी उत्तम व्यवस्था थी। आठवी शताब्दी के अरब आक्रमण से विश्वविद्यालय की प्रगति कुछ काल के लिये अवरूद्ध हो गयी पुन: जब शान्ति की स्थापना हुई तो विश्वविद्यालय को संरक्षण एवं सहायता प्रदान की गई।

भारत में मुस्लिम राज्य की स्थापना होते ही इस्लामी शिक्षा का प्रसार होने लगा। फारसी जानने वाले सरकारी कार्य को समझने लगे हिन्दू, अरबी और फारसी पढ़ने लगे।बादशाहों और अन्य शासकों की व्यक्तिगत रूचि के अनुसार इस्लामी आधार पर शिक्षा दी जाने लगी मकतबों, मदरसों और पुस्तकालयों की स्थापना होने लगी मकतब प्रारम्भिक शिक्षा के केन्द्र होते थें। मदरसें उच्च शिक्षा के मकतबों की शिक्षा धार्मिक होती थी। मकतबों में शिक्षा प्राप्त कर विद्यार्थी मदरसों में प्रविष्ट होते थे। यहां प्रधानता धार्मिक शिक्षा दी जाती थी। साथ ही साथ इतिहास, व्याकरण, तर्कशास्त्र, गणित, कानून आदि की पढ़ाई होती थी। सरकार शिक्षकों को नियुक्त करती थी। अध्यापन फारसी भाषा के माध्यम से होता था अरबी मुसलमानों के लिये अनिवार्य पाठ्य विषय होता था। छात्रावास का प्रबन्ध किसी मदरसे में होता था शिक्षा नि:शुल्क थी। हस्तलिखित पुस्तकें पढ़ी और पढ़ाई जाती थी राजकुमारों के लिये महलों के भीतर शिक्षा का प्रबन्ध था। राज्यव्यवस्था, सैनिक संगठन, युद्ध का संचालन, साहित्य , इतिहास, व्याकरण, कानून आदि का ज्ञान गृह शिक्षक से प्राप्त होता था। राजकुमारियॉ भी शिक्षा प्राप्त करती थी, सादगी, सदाचार, विद्याप्रेम और धर्माचरण पर जोर दिया जाता था जीविका उपार्जन के लिये भी शिक्षा दी जाती थी दिल्ली, आगरा, बीदरपुर, जौनपुर मालवा मुस्लिम शिक्षा के केन्द्र थे।

भारत में आधुनिक शिक्षा की नीव यूरोपीय ईसाई धर्म प्रचारक तथा व्यापारियों के हाथों से डाली गयी उन्होने कई विद्यालय स्थापित किए। प्रारम्भ में मद्रास ही उनका कार्य क्षेत्र रहा धीरे–धीरे कार्य क्षेत्र का विस्तार बंगाल में भी होने लगा इन विद्यालयों में इसाई धर्म की शिक्षा के साथ–साथ इतिहास, भूगोल, व्याकरण, गणित, साहित्य आदि विषय भी पढ़ाये जाये थे समय बीतने के साथ ही साथ व्यापारी ईस्ट इण्डिया कम्पनी राज्य करने लगी विस्तार में बाधा पड़ने के डर से कम्पनी शिक्षा के विषय में उदासीन रही फिर भी विशेष कारण और उद्देश्य से 1781 में कलकत्ते में कलकत्ता मदरसा कम्पनी द्वारा और 1972 में बनारस में संस्कृत कालेज जोनथन डंकन द्वारा स्थापित किये गये धर्मप्रचार के विषय में भी कंपनी की पूर्वनीति बदलने लगी कंपनी अब अपने राज्य के भारतीयों को शिक्षा देने की आवश्यकता को समझने लगी। 1813 के आज्ञा पत्र के अनुसार शिक्षा में धन व्यय करने का निश्चय किया गया कि किस प्रकार की शिक्षा दी जाए। इस पर प्राच्य और पाश्चात्य शिक्षा के समर्थकों में मतभेद रहा वाद–विवाद चलता रहा अंत में लार्ड मैकाले के तर्क वितर्क और राजा राम मोहन राय के समर्थन से प्रभावित हो 1835 में लार्ड विलियम बेंटिक ने निश्चय किया कि अंग्रेजी भाषा और यूरोपीय इतिहास विज्ञान इत्यादि की पढ़ाई हो इसी में 1813 के आज्ञापत्र में अनुमोदित धन का व्यय हो प्राच्य शिक्षा चलती रहे परन्तु अंग्रेजी और पश्चिमी विषयों के अध्यापन और अध्ययन पर जोर दिया जाए। पाश्चात्य रीति से शिक्षित भारतीयों की आर्थिक स्थिति सुधरते जनता इधर झुकने लगी। अंग्रेजी विद्यालयों में अधिक संख्या में विद्यार्थी प्रविष्ट होने लगे क्योंकि अंग्रेजी पढ़े भारतीयों को सरकारी पदों पर नियुक्त करने की नीति की सरकारी घोषणा हो गई थी सरकारी प्रोत्साहन के साथ–साथ अंग्रेजी शिक्षा को पर्याप्त मात्रा में व्यक्तिगत सहयोग भी मिलता गया अंग्रेजी साम्राज्य के विस्तार के साथ–साथ कानून जानने वालो की आवश्यकता पड़ने लगी और उपयोगी शिक्षा की ओर सरकार की दृष्टि गई। मेडिकल, इन्जीनियरिंग और ला कालेजो की स्थापना होने लगी। स्त्रियों की दशा सुधारने और उनकी शिक्षा के लिये ज्योतिबा ने 1848 में स्कूल खोला। इस काम के लिये अध्यापिका नही मिली तो उन्होने कुछ दिन स्वयं यह काम करके अपनी पत्नी सावित्री को इस योग्य बना दिया। 1853 में शिक्षा की प्रगति की जांच के लिये एक समिति बनी। 1854 में वुड के शिक्षा संदेश पत्र में समिति के निर्णय कंपनी के पास भेज दिये गए। 1857 में कलकत्ता, बम्बई, मद्रास में विश्वविद्यालय स्थापित हुए। प्राथमिक शिक्षा की दशा की जांच करते हुए शिक्षा के प्रश्नों पर विचार करने के लिये 1882 में सर विलियम हंटर की अध्यक्षता में भारतीय शिक्षा आयोग की नियुक्ति हुई। बाल गंगाधर तिलक और उनके सहयोगियों द्वारा पूना में फर्गुसन कालेज, 1886 में आर्य समाज द्वारा लाहौर में दयानन्द एग्लोवैदिक कालेज और 1898 में काशी में श्रीमती एनीबेसेन्ट द्वारा सेन्ट्रल हिन्दू कालेज की स्थापना हुई। 1894 में कोल्हापुर रियासत के राजा छत्रपति शाहू जी महाराज ने दलित और पिछड़ी जाति के लोगो के लिये विद्यालय खोले एवं छात्रावास बनाये,

1902 में भारतीय विश्वविद्यालय आयोग नियुक्त किया गया 1904 में भारतीय विश्वविद्यालय कानून बन पुरातत्व विभाग की स्थापना से प्राचीन भारत के इतिहास की सामग्रियों का संरक्षण होने लगा। 1911 में गोपाल कृष्ण गोखले ने प्राथमिक शिक्षा को नि:शुल्क और अनिवार्य करने का प्रयास किया। 1916 तक भारत में पांच विश्वविद्यालय थे अब सात नए विश्वविद्यालय स्थापित किये गयें 1937 में शिक्षा की एक योजना तैयार की गई जो 1938 में बुनियादी शिक्षा के नाम से प्रसिद्ध हुई। 1945 में द्वितीय विश्वयुद्ध समाप्त होते-2 सार्जेन्ट योजना का निर्माण हुआ छह से 14 वर्ष की अवस्था के बालको तथा बालिकाओं के लिये अनिवार्य शिक्षा हो इस प्रकार हम देखते है कि शिक्षा में समय के साथ परिवर्तन होता रहा। 1986 में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अपनाया गया जिसे 1992 में आचार्य राममूर्ति समिति द्वारा समीक्षा के आधार पर राष्ट्रीय शिक्षा व्यवस्था को सही दिशा देने को गंभीर कोशिश की गई। 1966 में कोठारी आयोग ने शिक्षा की बेहतरी और दायरा बढ़ाने की सिफारिश की थी इस दिशा में आगे बढ़ते हुये 2002 में संविधान में अनुच्छेद 21 ए जोड़ा गया जिसके पश्चात 1 अप्रैल 2010 में जाकर शिक्षा का अधिकार कानून लागू हुआ इसके तहत 6 से 14 साल तक के बच्चों को संवैधानिक अधिकार दिया गया ताकि वह मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा हासिल कर सके।

नई शिक्षा नीति 2019 - सरकार द्वारा शिक्षा व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन को इंगित करती है लेकिन इसके समक्ष कई चुनौतियां भी है इन चुनौतियों से निपटने का कार्य पूर्व में होते रहे है लेकिन उपलब्धियां सराहनीय नही रही है। इस सन्दर्भ में कुछ सुझावों को अमल में लाये जाने की आवश्यकता है।

1. नई शिक्षा नीति के अभियान को सफल बनाने के लिये सरकार नागरिक सामाजिक संस्थाएं, विशेषज्ञों, माता-पिता सामुदायिक सदस्यों को अपने स्तर पर कार्य करना चाहिये।
2. शिक्षा जगत और उद्योग जगत के बीच एक सहजीवी रिश्ता स्थापित किया जाना चाहिये ताकि नवाचारों का एक ऐसा पारिस्थिकी तन्त्र बन सके जिससे रोजगार के व्यापक अवसर पैदा हो।
3. इसके अतिरिक्त कार्पोरेट प्रतिष्ठानों को चाहिये कि विशेष महत्व के क्षेत्र की पहचान कर उससे जुड़े डाक्टरेट और पोस्ट डाक्टरेट अनुसंधानों को वित्त मुहैया करवाए।
4. क्रेडिट रेटिंग एजेन्सियों प्रतिष्ठित, उद्योग संगठनों, मीडिया घरानो और पेशेवर निकायो को इस बात के लिये प्रोत्साहित किया जाना चाहिये कि वे भारतीय विश्वविद्यालयों और संस्थानों को रेटिंग दे।
5. भारतीय विश्वविद्यालय आज भी विश्व के 100 शीर्ष रैंकिग वाले विश्वविद्यालयों में शामिल नही हो सका इस सिलसिले में विश्वविद्यालयों और शिक्षाविदों को आत्मअवलोकन कर संबन्धित मानको में सुधार लाना।

शिक्षा के बदलते स्वरूप का अवलोकन करने के पश्चात हमें महत्वपूर्ण सुझावों पर ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि हम शिक्षा की मूल भावना को फिर से जन्म दे ताकि भारतीय शिक्षा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान फिर से कायम करे ताकि हम शिक्षा के प्राचीन गौरव को फिर से हासिल कर सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. जयशंकर मिश्र- प्राचीन भारत का सामाजिक इतिहास बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी पटना प्रकाशन वर्ष 1999
2. ओम प्रकाश- प्राचीन भारत का सामाजिक एवं आर्थिक इतिहास चतुर्थ संस्करण 1997, पृष्ठ 220
3. के0सी0 श्रीवास्तव- प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति संस्करण 2002 पृष्ठ 764
4. प्रतियोगिता दर्पण- दिसम्बर 2019 पृ.- 89
5. https;/hiwikipedia.org>wike
6. www.Jagranjunction.com
7. सामयिक निबन्ध-मंथन इलाहाबाद भाग-1 संस्करण 2009
8. Jantantraoline.in
9. Hindi Pratilipi.com
10. www.drishtias.com
11. www.dheyisas.com

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
